सुविचार

अकेले
हो तो विचारों पर
काबू रखो
और सबके
साथ हो
तो जुबान पर
काबू रखो

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ ।।

निष्पक्ष कलम ⇔ निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 | अंकः 220 | पेजः 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, मंगलवार 28 फरवरी 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com


जाट महाकुंभ

**शुरू में महाकुंभ से मुंह मोड़ने वाले नेता भी होने लगे हैं शामिल**

## प्रचार प्रसार परवान पर... बाड़मेर, अलवर सहित कई जिलों में जाट महासभा की मैराथन बैठकें

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** आगामी 5 मार्च को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित होने वाले जाट महाकुंभ को ऐतिहासिक बनाने के लिए जाट महासभा ने पूरी ताकत झोंक दी है ' जाट महासभा के संरक्षक राजाराम मील, जाट महाकुंभ के संयोजक विजय पूनिया सहित जाट महासभा की कोर कमेटी के सभी सदस्य प्रदेश भर के जिलों में जाट महासभा के पदाधिकारियों के साथ रोजाना बैठक आयोजित कर के जाट महाकुंभ की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने लगे हैं ' जाट महासभा के पदाधिकारी जाट महाकुंभ में जाट बिरादरी के लोगों को आने का न्योता तो दे ही रहे हैं इसके अलावा जाट महाकुंभ में आने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह की असावधानी और दुविधा का सामना करना नहीं पड़े इसके लिए भी माकूल प्रबंध किए जा रहे हैं ' प्रदेश के सभी जिलों में जाट महाकुंभ की जिलेवार व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है जिसमें जाट समाज के अलग-अलग नेताओं को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी जा रही है। बस, भोजन, चिकित्सा पानी जैसी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है ' प्रदेश के दूरदराज से आने वाले लोगों को महाकुंभ में परेशानी का सामना करना नहीं पड़े इसके लिए खास प्रबंध किए जा रहे हैं। हालांकि जाट महासभा के संरक्षक राजाराम मिलने बहुत पहले ही जाट महाकुंभ को ऐतिहासिक बनाने के लिए जिलों में जाट महासभा की मुस्तैद टीमों का गठन कर दिया था जिसके फलस्वरूप प्रदेश के अलग-अलग जिलों में जाट महासभा के पदाधिकारी गांव गांव ढाणी ढाणी जाकर जाट बिरादरी के लोगों को महाकुंभ में आने का न्योता दे रहे हैं इसके अलावा आवागमन के साधनों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है तथा खाने-पीने और चिकित्सा संबंधी सुविधाओं पर भी बारीकी से ध्यान दिया जा रहा है ' जाट महासभा के पदाधिकारियों का कहना है कि जाट महाकुंभ को लेकर प्रदेश के जाट समुदाय के लोगों में जोरदार उत्साह छाया हुआ है जो लोग शुरू में जाट महाकुंभ को लेकर मुंह मोड़ रहे थे वे लोग भी अब जाट महाकुंभ के प्रचार-प्रसार को देखकर जाट महाकुंभ से जुड़ने लगे हैं ' जाट महासभा की ऐतिहासिक तैयारियों और व्यवस्थाओं को देखकर हर कोई स्तब्ध है जिस तरह से जाट महाकुंभ के ऐतिहासिक बनाने के लिए जाट महासभा ने दिन-रात एक किया हुआ है उससे ऐसा दिख रहा है कि यह महाकुंभ अब तक का सबसे बड़ा विशाल महाकुंभ साबित होगा।

सितारा न्यूज नेटवर्क
सामाजिक
बिग स्टोरी
सितारा न्यूज नेटवर्क









### कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों के रणनीतिकारों की महाकुंभ पर है निगाहें

प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी और प्रमुख विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी की निगाहें जाट महाकुंभ पर टिकी हुई है जयपुर ही नहीं बल्कि दिल्ली में विराजमान इन दोनों ही दलों के बड़े नेताओं की निगाहें जाट महाकुंभ पर टिकी हुई हैं जिस तरह से जाट महाकुंभ को लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है और जाट समाज के सभी बड़े नेता इस महाकुंभ को लेकर लामबंद दिख रहे हैं जिस तरह की तैयारियां इस जाट महाकुंभ को लेकर की जा रही है उसे देखते हुए भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों के रणनीतिकारों की रातों की नींद उड़ गई है ' क्योंकि चालू साल के अंत में ही प्रदेश में विधानसभा चुनाव आयोजित होने वाले हैं और विधानसभा चुनाव से ठीक पहले जिस तरह से जाट महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है और इस जाट महाकुंभ में जाट महासभा की ओर से सामूहिक मंथन कर कई बड़े विषयों पर निर्णय लिए जाने की बात कही जा रही है उससे निश्चित रूप से प्रदेश के दोनों ही बड़े राजनीतिक दल कांग्रेस और भाजपा इस महाकुंभ को लेकर बेचैन दिख रहे हैं हालांकि जाट महासभा ने कांग्रेस और भाजपा के अलावा सभी छोटे बड़े राजनीतिक दलों के सभी जाट नेताओं को जाट महाकुंभ में आने का न्योता दिया है अब देखना यह है कि कौन-कौन जाट बिरादरी का राजनेता इस महाकुंभ में शामिल होता है फिलहाल आगामी विधानसभा चुनाव को देखकर इस जाट महाकुंभ पर सभी राजनीतिक दलों की निगाहें टिक गई है।

**इतिहास रचने की और जाट महाकुंभ**

### राजाराम मील ने अलवर में मैराथन बैठक को संबोधित किया

#### बाड़मेर और अन्य जिलों में भी व्यवस्थाओं को लेकर हुई बैठक

जाट महासभा की मीडिया प्रभारी शीशराम कटेवा ने बताया कि सोमवार को अलवर में जाट महासभा के संरक्षक राजाराम मिल ने अलवर जिले के जाट महासभा के पदाधिकारियों और जाट बिरादरी के अग्रज लोगों के साथ बैठक आयोजित की बैठक में जाट महाकुंभ की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए विस्तार से सामूहिक मंथन किया गया और व्यवस्थाओं को लेकर नेताओं को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी गई इस बैठक में अलवर जाट महासभा के अध्यक्ष नंदलाल ओला, जाट महासभा के शीर्ष पदाधिकारी और पूर्व विधायक रणवीर पहलवान सहित अलवर जिले के करीब 250 जाट समाज के अग्रज नेता शामिल हुए ' यह बैठक अलवर जिला प्रमुख बलवीर सिंह के आवास पर आयोजित हुई बैठक में युवा जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप ढिपा भी मौजूद थे ' बैठक में राजाराम मिल ने अलवर जिले से बड़ी संख्या में जाट महाकुंभ में लोगों की भीड़ लाने की जिम्मेवारी सुनिश्चित की ' अलवर जाट महासभा के अध्यक्ष नंदलाल ओ ला ने राजाराम मील को भरोसा दिलाया कि अलवर से बड़ी संख्या में जाट बिरादरी के लोग महाकुंभ में पहुंचेंगे इसके लिए सभी तरह की माकूल व्यवस्थाएं की गई है ' शीशराम कटेवा ने बताया कि बाड़मेर में भी जाट महाकुंभ को लेकर जाट महासभा और बाड़मेर जाट महासभा के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई, बैठक में जाट महासभा के सचिव डालूराम चौधरी, गंगाराम जाट बैठक में बाड़मेर जाट महासभा के अध्यक्ष पांचाराम चौधरी, केराम बागड़िया, आईपीएस आईदान सहित जाट समाज के कई बड़े नेता मौजूद रहे ' सोमवार को करौली जिले में भी जाट महासभा के पदाधिकारियों ने जाट महाकुंभ को लेकर विशेष बैठक आयोजित की।

## मोदी बोले- खड़गे सिर्फ नाम के कांग्रेस अध्यक्ष

### कर्नाटक की सभा में कहा- दुनिया जानती है... रिमोट कंट्रोल किसके हाथ में है

गरीबों का सितारा

**शिवमोगा।** प्रधानमंत्री बेलगावी की सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कांग्रेस अधिवेशन के दूसरे दिन की तस्वीर का जिक्र किया, जिसमें सोनिया गांधी को छाता लगाया गया था। पास ही खड़गे भी खड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के गृह राज्य कर्नाटक में थे। उन्होंने बेलगावी की सभा में कहा, 'खड़गे सिर्फ नाम के कांग्रेस अध्यक्ष हैं, सबको पता है कि रिमोट कंट्रोल किसके हाथ में है।' मोदी ने कहा- कांग्रेस में एक विशेष परिवार के आगे कर्नाटक के एक नेता का अपमान किया गया है। इसी धरती की संतान, जिनका 50 साल संसदीय कार्यकाल रहा है। ऐसे खड़गे का मैं बहुत सम्मान करूंगा। उन्होंने जनता की सेवा में सब कुछ करने का प्रयास किया था। मैं देखकर बहुत दुखी हुआ, जब कांग्रेस के रायपुर अधिवेशन में खड़गे का अपमान हुआ। सब धूप में खड़े थे, लेकिन छाता खड़गे जी को नहीं किसी और को लगाया गया था। खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष हैं, लेकिन कांग्रेस में उनके साथ जैसा बर्ताव होता है, उसे देखकर पूरी दुनिया समझ रही है कि रिमोट कंट्रोल किसके हाथ में है। परिवारवाद के इसी शिकंजे में देश की कई पार्टियां जकड़ी हुई हैं।





#### जब तक मोदी जिंदा है, किसी की मंशा पूरी नहीं होगी

प्रधानमंत्री ने अपने ऊपर दिए जा रहे बयानों को लेकर भी विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा- कांग्रेस को लगता है कि जब तक मोदी जिंदा हैं, तब तक उनकी मंशा पूरी नहीं होगी, इसलिए वे सभी कह रहे हैं 'मर जा मोदी, मर जा मोदी ...'और कोई कह रहा है 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' लेकिन देश कह रहा है 'मोदी तेरा कमल खिलेगा'।

#### पीएम ने शिवमोगा में एयरपोर्ट का उद्घाटन किया

प्रधानमंत्री शिवमोगा पहुंचे और यहां एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। करीब 450 करोड़ रुपए की लागत से बने इस एयरपोर्ट का ऊपरी हिस्सा कमल के फूल की तरह डिजाइन किया गया है। मोदी ने इसके अलावा शिवमोगा में ही 3,600 करोड़ और बेलगावी में 2,700 करोड़ रुपए की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

## 5 दिनों की CBI कस्टडी में सिसोदिया

गरीबों का सितारा

**नई दिल्ली।** शराब घोटाले मामले में गिरफ्तार दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने सोमवार (27 फरवरी 2023) दोपहर को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। इस दौरान जाँच एजेंसी ने उइक के स्पेशल जज एमके नागपाल से सिसोदिया की 5 दिन की कस्टडी माँगी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सिसोदिया को 4 मार्च तक रिमांड में भेजा। जानकारी के मुताबिक सीबीआई के वकील ने कोर्ट में कहा कि यह पूरा मामला प्रॉफिट से जुड़ा है। इस पर हमारी आगे की जाँच होना बाकी है। आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया मंत्रियों के एक समूह को लीड कर रहे थे। शराब नीति के मॉडल को लेकर कोई चर्चा



नहीं की गई। इसके जवाब में सिसोदिया के वकील दयान कृष्णन ने कहा कि एलजी वीके सक्सेना ने मई 2021 में आबकारी नीति को मंजूरी दी थी। प्रॉफिट मार्जिन के बारे में सारी बहस हो रही है। उन्होंने बदलावों को लेकर अपनी रजामंदी दी थी। पहले दिन CBI ने फोन के बारे में बात की थी। कहा था कि सिसोदिया ने 4 फोन इस्तेमाल किए, 3 को नष्ट कर दिया। क्या सिसोदिया अपना फोन सेकेंड हैंड शॉप पर नहीं दे सकते हैं। वो क्या अपना फोन रखे रहते, क्या उन्हें पता था कि उइकआएगी और उन्हें गिरफ्तार करेगी। कृष्णन ने आगे कहा कि CBI कह रही है कि जिस तरह वो चाहती है, सिसोदिया उस तरह जवाब नहीं दे रहे हैं। जहाँ तक जाँच में सहयोग की बात है तो सिसोदिया ने सहयोग किया है। उनके घर पर छापा मारा गया। उनके फोन एजेंसी के पास हैं। अब एजेंसी कह रही है कि सिसोदिया गोलमोल जवाब दे रहे हैं। उनके पास यह अधिकार है। एक व्यक्ति के संवैधानिक अधिकार होते हैं। बता दें कि जाँच में सहयोग करने के लिए सिसोदिया को 19 फरवरी को नोटिस जारी किया गया था।


"सितारे का साथ-आपके हाथ"

अब पढ़े = कहीं भी, कभी भी

आपका पसंदीदा समाचार पत्र
अब पढ़ सकेंगे मोबाईल और कंप्यूटर पर भी

अब अखबार ऑनलाइन वेबसाइट एवं व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध

अगर आपको आपके दैनिक अखबार "गरीबों का सितारा" की प्रति प्राप्त नहीं हो रही है तो अब आप मैसेज करके एवं ऑनलाइन माध्यम से भी अखबार पढ़ सकते हैं...

Log in करे : www.garibonkasitara.com

अखबार की पीडीएफ प्राप्त करने के लिए आज ही अपना नाम और क्षेत्र हमें मैसेज करें...
8233553666, 9782527840, 9828853546
या बार कोड स्कैन करे...

।। सन् 1987 से प्रकाशित अखबार ।।

गरीबों का सितारा
निष्पक्ष कलम | निर्भीक आवाज

भारत व राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों हेतु स्वीकृत अखबार

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें...
राजेन्द्र शर्मा (प्रधान सम्पादक) Mob. 7733050125


## प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के एक आरोपी का एनकाउंटर

### दूसरा इलाहाबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार, इसी के कमरे में रची गई हत्या की साजिश

गरीबों का सितारा

**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड में शामिल एक बदमाश का एनकाउंटर किया है। बदमाश का नाम अरबाज है। मुठभेड़ सोमवार दोपहर धूमनगंज में नेहरू पार्क के पास हुई। पुलिस के मुताबिक, वारदात के बाद से अरबाज नेहरू पार्क इलाके में छिपा था। उसने थाना प्रभारी राजेश कुमार मौर्या पर गोली चलाई। राजेश के हाथ गोली लगी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। अरबाज के सीने और पैर में गोली लगी है। पुलिस ने घायल अरबाज को स्वरूपरानी नेहरू (रफ्ठ) अस्पताल भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। वहीं, घायल थाना प्रभारी राजेश का इलाज चल रहा है। वहीं, अरबाज के एनकाउंटर के कुछ ही घंटे बाद एसटीएफ ने इलाहाबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी के मुस्लिम हॉस्टल से एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया। उसका नाम सदाकत खान है। वह छइइ का छात्र है। उसके कमरे से कई आपत्तिजनक चीजें मिली हैं। सदाकत खान ने हॉस्टल कमरे की सर्च के बाद एसटीएफ के कब्जे से भागने की कोशिश की। भागते वक्त वह डिवाइडर से टकराकर गिर गया। उसे चोट लगी है। इलाज के लिए रफ्ठ अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नॉर्थ-ईस्ट के तीन राज्यों का एग्जिट पोल

## त्रिपुरा और नगालैंड में भाजपा गठबंधन को बहुमत, मेघालय में हंग असेंबली का अनुमान

गरीबों का सितारा

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर के तीन




राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग हो चुकी है। त्रिपुरा में 16 फरवरी को और मेघालय-नगालैंड में 27 फरवरी को मतदान हुआ था। वोटिंग के बाद सोमवार शाम को आए एग्जिट पोल्स में त्रिपुरा में भाजपा गठबंधन को बहुमत का अनुमान लगाया गया है। मेघालय में किसी को स्पष्ट बहुमत न मिलने के आसार हैं। वहीं नगालैंड में भाजपा गठबंधन के सत्ता में लौटने का अनुमान लगाया गया है। सोमवार को वोटिंग खत्म होने के बाद जी न्यूज-मेट्राइस, न्यूज 18-सी वोटर्स, इंडिया टुडे-एक्सिस माय इंडिया और टाइम्स नाउ-ईटीजी रिसर्च ने एग्जिट पोल जारी किए। नीचे दिए ग्राफिक्स में अलग-अलग राज्यों में इन एग्जिट पोल्स के अनुमान देख सकते हैं।

| पूर्वानुमान> | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र |
|---|---|---|---|---|
| 21° अधिकतम> | 31°c | 29°c | 30°c | 31°c |
| न्यूनतम> | 15°c | 15°c | 17°c | 17°c |

एस आर के **टैबलिंटन सीजन-8**

# कैरम ओपन प्रो-डॉ आलोक जैन डॉक्टर सलीम रजा फाइनल में










**गरीबों का सितारा**

**जयपुर।** जयपुर डॉक्टर्स वेलफेयर सोसाइटी एवँ टैबलिंटन के चेयरमैन डॉ सौरभ जैन ने बताया कि एस एम एस इंटरनेशनल स्टेडियम में कल डॉक्टर्स के सबसे बड़े खेल महाकुम्भ में कैरम, टेबल टेनिस तथा बैडमिंटन के टीम इवेंट एवँ ओपन मैचेज खेले गये। बैडमिंटन के कॉर्डिनेटर डॉ मणि दुबे ने बताया कि टीम इवेंट वर्ग में बराला हॉस्पिटल, टैगोर हॉस्पिटल तथा अपैक्स हॉस्पिटल ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ओपन वर्ग में चैलेंजर्स कप में डॉ आशीष जैन/डॉ हिमांशु विजेता रहे और डॉ मनीष थागरिया/डॉ अभिषेक गोयल उपविजेता रहे।

प्लैटिनम 30 वर्ष से ऊपर वर्ग में डॉ मुकेश भामू, डॉ दिवाकर भार्गव के बीच सेमीफाइनल होगा। दूसरे सेमीफाइनल में डॉ आदित्य सैनी का मुकाबला डॉ महेश वी के से होगा प्लेटिनम 40 वर्ष से ऊपर वर्ग में खिताबी मुकाबला डॉ अनिल यादव और डॉ अपूर्व जेठवानी के बीच होगा।

- टेबल टेनिस कॉऑर्डिनेटर डॉ संकल्प अवस्थी के अनुसार कल हुए ग्रैंड मास्टर्स टेबल टेनिस वर्ग में डॉ आलोक सक्सेना विजेता, डॉ अमित शर्मा उपविजेता रहे और डॉ दीपक गुप्ता तथा डॉ धर्मेंद्र शर्मा तृतीय स्थान पर रहे।
- चैलेंजर ओपन टेबल टेनिस वर्ग में डॉ अमित शर्मा विजेता, डॉ नलिन बेनीवाल उपविजेता, डॉ रूप शर्मा एवँ डॉ दीपक खुराना तृतीय स्थान पर रहे।
- गोल्डन गर्ल्स वर्ग में डॉ संगीता खंडेलवाल विजेता, डॉ अनिता जोशी उपविजेता तथा डॉ वर्षा लोढ़ा एवँ डॉ अंशु कोटिया तृतीय स्थान पर रहीं।
- क्वीनस ओपन वर्ग में डॉ रुचि गुप्ता ने डॉ अलका जैन को हराया और सेमीफाइनल में प्रवेश किया ।डॉ अर्पिता के ने डॉ आयुषी वर्मा को पाँच सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराया और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।
- चैंपियंस ओपन टेबल टेनिस में डॉ चित्रेश शेखावत ने डॉ गीतेश मंगल को हराया और सेमीफाइनल में प्रवेश किया ।डॉ सचिन गुप्ता ने डॉ अनिल गोयल को हराकर चैंपियंस ओपन टेबल टेनिस वर्ग के नॉक आउट स्टेज में प्रवेश किया।
- कैरम कॉ ऑर्डिनेटर डॉ के के शांडिल्य के अनुसार टीम इवेंट वर्ग में अरिहंत स्ट्राइकर्स ने आंजनेय ई एन टी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल आँगन मेडिनोवा और वाईट्स केअर स्लैम के बीच चल रहा है।
- ओपन प्रो वर्ग युगल में डॉ अमित मित्तल/डॉ अरुण परतानी ने फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में डॉ सलीम रजा/डॉ सूरज गवली और डॉ विवेक मित्तल/डॉ नीरज भूटानी के बीच होगा।
- प्रो एकल वर्ग में डॉ आलोक जैन एवँ डॉ सलीम रजा फाइनल में पहुंचे।
- चैलेंजर ओपन एकल वर्ग में डॉ मणिकांत जैन एवँ डॉ कमल अग्रवाल फाइनल में पहुंचे।
- चैलेंजर युगल वर्ग में डॉ बसंत गुप्ता/डॉ विशाल गुप्ता ने डॉ कमल अग्रवाल/डॉ नफीस को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।
- दूसरे सेमीफाइनल में डॉ नवीन सिमतवाल/डॉ संकल्प अवस्थी का मुकाबला डॉ मणिकांत जैन/डॉ विक्रम अरोड़ा के बीच होगा।
- क्वीनस ओपन एकल वर्ग में डॉ वंदना गोधा ने डॉ अलका जैन को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में डॉ. मनीषा चावला का मुकाबला डॉ. नीता भार्गव से होगा।
- इधर, कैरम ओपन प्रो-डॉ. आलोक जैन, डॉ. सलीम रजा का भी फाइनल में प्रवेश हुआ।
- इधर, कैरम टीम इवेंट-आँगन मेडिनोवा एवँ वाईट्स केअर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## पंचाग

गरीबों का सितारा

**दिनांक 28 फरवरी 2023 मंगलवार**
**विक्रम संवत2079फाल्गुन शुक्ल पक्ष**

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | नवमी | 28:18:14 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | रोहिणी | 07:18:26 |
| योग | विश्कुम्भ | 16:24:22 |
| करण | बालव | 15:15:53 |
| करण | कौलव | 28:18:14 |
| चन्द्र राशि | वृषभ | 20:31:16 |
| चन्द्र राशि | मिथुन | 20:31:16 |
| सूर्य राशि | कुम्भ | |
| दिशा शूल | उत्तर | |
| सूर्योदय(जयपुर) | 06:53:30 | |
| सूर्यास्त | 18:25:40 | |
| चंद्रोदय | 12:11:48 | |
| चंद्रास्त | 26:41:54 | |
| राहू काल | 15:33-16:59 | |
| अभिजित | 12:18-13:03 | |
| शुभ चोघडिया | | |
| चर | 09:47-11:13 | शुभ |
| लाभ | 11:13-12:40 | शुभ |
| अमृत | 12:40-14:06 | शुभ |
| शुभ | 15:33-16:59 | शुभ |



**होलाष्टक प्रारम्भ**
**विज्ञान दिवस:-आज**

ज्योतिषाचार्य
**भानुप्रकाश शास्त्री**

# श्री प्रताप फाउंडेशन के प्रतिनिधि मंडल ने किसानों का मांग पत्र सौंपा



**साधना सेठी, सीकर।** श्री प्रताप फाउंडेशन द्वारा 26 फरवरी को आयोजित किसान सम्मेलन में जो चौदह सूत्री मांग पत्र का वाचन मंच से किया गया और सम्मेलन में उपस्थित किसानों ने इसका समर्थन किया । वो मांग पत्र आज ईश्वर सिंह राठौड़ सेवानिवृत अतिरिक्त जिला कलक्टर , भंवर लाल जांगिड़ अध्यक्ष मानव सेवा संस्थान , श्री प्रताप फाउंडेशन के प्रतिनिधि के रूप में सुरेंद्र सिंह तंवरा, लेखक , इतिहासकार व समाज सेवी महावीर पुरोहित व विनोद नायक ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार को प्रेषित करने हेतु अतिरिक्त जिला कलक्टर महोदय को सौंपा।

## राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास आयोग की प्रथम फुल कमीशन की बैठक, राज्यस्तरीय संवाद शिविर सहित विभिन्न प्रस्तावों की अनुशंषा

**जयपुर।** राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास आयोग की प्रथम फुल कमीशन की बैठक सोमवार को आयोग अध्यक्ष श्री पवन गोदारा की अध्यक्षता में नेहरू सहकार भवन स्थित आयोग कार्यालय में आयोजित की गई। आयोग में सलाहकार की नियुक्ति करवाने, योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए प्रदेश में संवाद शिविरों का आयोजन करने के साथ राजस्थान राज्य अन्य पिछडा वर्ग वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड की ऋण योजनाओं के लिए पात्रता और शर्तों में संशोधन आदि विभिन्न प्रस्ताव दिया।

# बालिकाओं ने उड़ान योजना के लिए मुख्यमंत्री का किया धन्यवाद

**मेधावी छात्राओं ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात - बालिकाओं ने लिया नि:शुल्क हवाई यात्रा का आनंद**

### जयपुर शहर के एतिहासिक व दर्शनीय स्थलों का किया भ्रमण




**गरीबों का सितारा**

**जयपुर।** बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इसी क्रम में पाली जिले की 10 मेधावी बालिकाओं ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने छात्राओं से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने बालिकाओं से चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, नि:शुल्क यूनिफॉर्म, बाल-गोपाल योजना, अनुप्रति कोचिंग योजना, राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस जैसी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। चार सालों में 211 महाविद्यालय खोले गए हैं जिनमें 94 बालिका महाविद्यालय हैं। साथ ही, विद्यालय को 500 बालिकाओं के नामांकन पर महाविद्यालय में क्रमोन्नत करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं एवं महिलाओं को उड़ान योजना के तहत नि:शुल्क सैनिटरी नेपकिन दिए जा रहे हैं। बालिकाओं ने विशेष रूप से उड़ान योजना के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस योजना से प्रदेश की महिलाओं एवं बालिकाओं का स्वास्थ्य प्रबंधन बेहतर हुआ है तथा उनके जीवन स्तर में सुधार आया है। इससे पहले इन प्रतिभाशाली छात्राओं ने जोधपुर से जयपुर नि:शुल्क हवाई यात्रा का आनंद लिया। बालिकाओं ने जयपुर में इंदिरा गांधी पंचायतीराज संस्थान, बिड़ला मंदिर, जलधारा, सेन्ट्रल पार्क, अल्बर्ट म्यूजियम सहित शहर के विभिन्न ?तिहासिक एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया। छात्राओं ने मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से भी शिष्टाचार भेंट की।

पाली जिला कलक्टर श्री नमित मेहता ने बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए सत्र 2021-22 की 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 10 मेधावी छात्राओं के लिए नि:शुल्क हवाई यात्रा की घोषणा की थी। इसकी क्रियान्विति में जिले में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 8 तथा जनजाति वर्ग में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 2 छात्राओं का चयन किया गया।

# अयोध्यापुरी कॉलोनी में 60 फीट सड़क सीमा में आ रहे अतिक्रमण हटाए

**ईकोलोजिकल जोन में गोनेर रोड, अंगिरा गार्डन से मच्छ की पीपली तक सड़क से अवैध निमार्णों को हटाया**

**गरीबों का सितारा**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-05 में अयोध्यापुरी कॉलोनी में 60 फीट रोड सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन-05 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित त्रिवेणी नगर पुलिया के पास अयोध्यापुरी कॉलोनी में त्रिवेणी पुलिया से करतारपुरा फाटक की तरफ जाने वाली 60 फीट रोड सीमा पर रातों-रात मौका पाकर कब्जा-अतिक्रमण कर 02 स्थानों पर करीब 10 फीट ऊँचाई व 10 फीट लम्बाई में बाउन्ड्रीवाल बनाकर कब्जा-अतिक्रमण कर रास्ता अवरूद्ध किये जाने पर स्थानीय लोगों व आमजन को रास्तें को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था जिसकी शिकायत प्राप्त होते ही अविलम्ब आज दिनांक: 27.02.2023 को जोन-05 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर 60 फीट रोड सीमा को र्य करवाया जाकर सुचारू रूप से चालू करवाया गया। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-05 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। जेडीए द्वारा जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में गोनेर रोड़ अंगिरा गार्डन से मच की पीपली तक दक्षिण भाग में स्थित वार्ड नम्बर-121, गुरू कॉलोनी, सोहन नगर, सोहन नगर विस्तार, लक्ष्मी नगर, फतेह नगर, गणेशपुरी, बालनगर, बालनगर विस्तार, नारायण विहार इत्यादि 09 कॉलोनियों को जाने वाली लिंक रोड़ (मार्गों) पर करीब 2 किमी तक पत्थर, ईंटें, पट्टियां, रोड़ी, बजरी, मलबा इत्यादि से रोड़ अवरूद्ध हो रहा था जिसे जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टाफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से रोड्स-(मार्गों) के अतिक्रमण-अवरूद्धों को हटवाया जाकर रोड़ को सुगम किया गया। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 09 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।


**।। आवश्यकता।।**

आपके पसंदीदा अग्रणी अखबार "गरीबों का सितारा" को राजस्थान एवं अन्य राज्यों के प्रमुख जिलों से संपादक एवं ब्यूरो चीफ नियुक्त करने हेतु आवश्यकता है एक्सपर्ट एवं अनुभवी कुशल युवक-युवतियों की।

नोट : अनुभवी, साफ छवि तथा मार्केट में पकड़ रखने वाले व्यक्ति ही सम्पर्क करें।

**प्रमोद शर्मा**
सम्पादक
Mob. 8233553666

**राजेन्द्र शर्मा**
प्रधान सम्पादक
Mob. 7733050125

।। सन् 1987 से प्रकाशित अखबार ।।

गरीबों का सितारा
निष्पक्ष कलम | निर्भीक आवाज

भारत व राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों हेतु स्वीकृत अखबार



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ आयोजित



गरीबों का सितारा

**राजगढ़ (अलवर)।** बचपन शाला चिल्ड्रन एकेडमी में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह प्रधान प्रतिनिधि जय प्रताप राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। राठौड़ ने कहा कि संस्था नन्हे-मुन्ने बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने का कार्य कर रही है। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कारवान शिक्षा भी प्रदान करें। बच्चे पढ़ाई मन लगाकर करें अपना जो लक्ष्य निर्धारित कर रखा है उस लक्ष्य तक पहुंचे। पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग ले सफलता आपको अवश्य मिलेगी। समारोह का अतिथियों ने मां सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बालकों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया व खूब तालियां बटोरी। संस्था की मोनिशा सैनी ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रोहताश शर्मा, राजकुमार गुप्ता, राजेंद्र कोली ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर मनीष गुप्ता, मुकुल बढ़ाया, महेंद्र सैनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन कमल शर्मा ने किया।

## भा.वि.प.शाखा भोजरास के चुनाव में सर्वसम्मति से अध्यक्ष बने शर्मा

गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा।** रामकिशन वैष्णव भारत विकास परिषद शाखा भोजरास के प्रांतीय निदेशानुसार वर्ष 2023 -24 के चुनाव संपन्न हुए । जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष भंवर लाल शर्मा को चुना गया व सचिव दुर्गेश जाट, कोषाध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ को सभी सदस्यों ने मनोनीत किया । इस दौरान पूर्व शाखा अध्यक्ष महावीर प्रसाद सोमरवाल, प्रांतीय संयोजक, शाखा प्रभारी व चुनाव पर्यवेक्षक के.डी. मिश्रा व प्रांतीय संयोजक किशोर राजपाल व गुलाबपुरा शाखा पूर्व सचिव अशोक अजमेरा के सानिध्य में शाखा सदस्यो ने सर्वसहमति से चुनाव सम्पन करवाएं ।प्रांतीय संयोजक द्वारा नवनिर्वाचित दायित्व धारियों को शुभकामनाएं दी व सेवा और संस्कार के कार्यों में शाखा को नई ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प दिलाया ।इस दौरान पूर्व शाखा सचिव भंवर लाल टेलर, नारायण गुर्जर, जगदीश टेलर, ओम प्रकाश कुम्हार, रंणजीत जाट, गोपाल सेन, बर्दी चंद गोस्वामी आदि परिषद सदस्य मौजूद थे।

## ठाकुर जी के मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नवकुंडीय यज्ञ का हुआ समापन



गरीबों का सितारा

**रोहन शर्मा /आमेर।** राजधानी जयपुर के ( आमेर ) मेहन्दी का बास मैं ठाकुर जी के मंदिर में नौ दिवसीय नवकुंडीय यज्ञ ओमप्रकाश व मोहन महाराज के सानिध्य सम्पन्न हुआ। नव कुंडीय यज्ञ में विभिन्न स्थानों से पहुंचे पंडितो ने विधिविधान व मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ पूर्ण करवाया। ठाकुर जी के मंदिर को फूलो से सजाया गया तथा आकर्षक झांकी सजाई गई। मंदिर के पुजारी मोहन लाल शर्मा ने ने कहा कि भजन व धार्मिक अनुष्ठान से पुण्य कमाया जा सकता है। इस नौ दिवसीय नवकुंडीय यज्ञ में आस-पास गांव के अलावा दूर दराज से काफी संख्या में महिला-पुरूष भक्तों ने यज्ञ का आनंद उठाया। दीपक कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के अंतिम दिन रविवार को सुबह हवन, पूणार्हुति तथा भंडारे का आयोजन किया गया। सभी आमेर वासियों के सहयोग से दस क्वींटल दूध से खीर तैयार करवा कर महाआरती के बाद ठाकुर जी खीर,पूडी और सब्जी को भोग लगाया तथा सैकड़ो की संख्या मे आये भक्तो को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मोहन लाल सैनी, प्रकाश सैनी, जुगल किशारे मीणा, नन्दकिशोर सैनी, सहित आस-पास के लोग मौजूद थे।

## एसकेएम स्कूल में खेल दिवस स्पोर्ट्स मेनिया का शुभारंभ

गरीबों का सितारा

**रायला।** मुकेश जाट स्थित सगडोलिया कनीराम मेमोरियल एसकेएम स्कूल में सोमवार को दो दिवसीय विद्यालय स्तरीय खेल दिवस स्पोर्ट्स मेनिया का समारोह पूर्वक शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता के उद्घघाटन समारोह में मुख्य अथिति एसएचओ रायला थाना सुनील चौधरी, श्रीनवग्रह आश्रम संस्थापक हंसराज चोधरी उपस्थित थे। थाना प्रभारी ने इस मौके पर कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बाल प्रतिभाओं को निखारने का सुअवसर



मिलता है। श्रीनवग्रह आश्रम संस्थापक हंसराज चोधरी ने कहा कि एसकेएम स्कूल प्रतिभाओं को निखारने के लिए सभी संभव प्रयास कर रहा है। स्कूल में खेल के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए प्रबंध माकूल किये गये है। प्रधानाचार्य राजन स्कारिया ने सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलायी। हंसराज चैधरी व सुनील चैधरी ने दीप प्रज्वलन करके प्रतियोगिता का आगाज किया। खेल प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर रिले दौड़, बाधा दौड़, खो-खो, गोला फेंक, तश्तरी, ऊंची कूद, रस्सा-कस्सी, लंबी कूद जैसे खेलों का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने उत्साह से भाग लेकर अपने हुनर का प्रदर्शन किया लिया।

# तिलपट्टी के शहर सफाई व्यवस्था चौपट

## स्वच्छता अभियान के नाम पर केवल खानापूर्ति, गंदगी से दुर्गंध आ रही नालियों से







### गंदगी और कचरे से अति पड़ी है ना लिया

गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर भले ही राजस्थान में अजमेर जिले की हृदय स्थली के नाम से लोकप्रिय हैं लेकिन यहां की साफ सफाई पर दृष्टिपात करें तो स्थिति किंकर्तव्यविमूढ़ से ही लगती है भले ही माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया है लेकिन नगर परिषद की कार्यशैली से उक्त अभियान मानो हास्य पर परिलक्षित दिखाई दे रहा है कॉलेज रोड हो तथा मुख्य बाजार अथवा गिब्सन हॉस्टल वाला क्षेत्र जहां पर कचरा पात्र होना चाहिए वहां पर चारों तरफ कचरा बिखरा हुआ नजर आता है कई बार स्थिति यहां तक दिखाई देती है कि बेजुबान जानवर भी बिखरे हुए उस कचरे में अपना मुंह डाले नजर आते हैं यदि नगर परिषद के कर्मचारी जागरूक होते तो संभवतया बेजुबान जानवरों के उदर /पेट पॉलीथिन जैसे हानिकारक पदार्थ तो नहीं जाते इसके अलावा भी कई बार ऐसा दृश्य भी देखने को मिलता है कि नगर परिषद के कारिंदे कचरे को उठाने के लिए जिस टोली या ट्रैक्टर को लेकर आते हैं वे टोली खुली होने के कारण इस तरह से कचरे कूड़े से लबालब परिलक्षित से नजर आती है साथ ही जब वे शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए निकलती है तो उसकी दुर्गंध से मानो एक बार तो रास्ते में चलने वाले राहगीरों को अपना मुंह व नाक रुमाल से ढकना पड़ता है जबकि वर्तमान परिप्रेक्ष्य का समय काल कोरोनावायरस महामारी से संघर्ष करता दिखाई दे रहा है तो इस समय तो स्वच्छता के प्रति नगर परिषद का ज्यादा ध्यान होना चाहिए शहर के कई सामाजिक संगठनों के द्वारा समय-समय पर स्वच्छता के प्रति कई तरह के अभियान चलाए व आंदोलन चलाए फिर भी स्वच्छता के प्रति नगर परिषद की लापरवाही नजर आई है यदि समय रहते प्रशासन के आला अधिकारी नगर परिषद के सिरमौर यदि जागरूक नहीं हुए तो कहीं ऐसा ना हो तिलपट्टी के आमजन को महामारी से संघर्ष करना पड़ सकता है सोमवार को चांग चितार रोड पर नालियों काफी दिनों से गंदगी से अटी होने के कारण नालियों का गंदा पानी रोड पर परिलक्षित नजर आया पैदल चलने वाले राहगीरों को काफी दिक्कतें महसूस हुई किसी को भी कोई दिक्कत हो इससे नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों क्या पड़ी क्योंकि उनको कहने वाला कौन है सभी तो अपनी मौज में मस्त है साथ ही उस क्षेत्र के पार्षद भी तो मौन एवं चुप्पी साधे हुए हैं।

# सीएलजी की हुई बैठक



गरीबों का सितारा

**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे के पुलिस थाना परिसर में सीएलजी सदस्य की एक बैठक कोतवाल राजेश वर्मा की मौजूदगी में आयोजित हुई। बैठक में होली के त्यौहार पर कानून व्यवस्था बनाए रखने, सांप्रदायिक सौहार्द एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने के निर्देश दिए। कोतवाल राजेश वर्मा ने बताया कि होली के त्योहार पर बाजार में भीड़ भाड़ को नियन्त्रित करने के लिए गश्त लगाई जाएंगी। जिससे बाजारों में वाहनों की आवाजाही रोकी जा सके। बाजारों में पुलिस की गश्त मुस्तैदी के साथ रहेगी। होली सहित अन्य त्योहारों पर किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधियों होने पर पुलिस को तुरंत सूचना दें। वर्मा ने कहा कि शहर में कहीं पर भी अतिक्रमण करके खोखे नहीं लगाए जाएंगे। ई-रिक्शा को सुनियोजित तरीके से खड़ा करने व यातायात में बाधा नहीं करने की बात कही। मादक पदार्थ कहीं बिकता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। जिससे उन पर कार्रवाई की जा सके। कस्बे में लगे हुए सीसीटीवी कैमरा को सही कराने की बात भी सीएलजी सदस्यों ने कही। इस मौके पर खेम सिंह आर्य, प्रदीप महावर, लोकेश रावत, जुगनू तमोली, प्रीति विजय, रश्मि विजय, सीमा विजय, राजू, मानसिंह, प्रशांत जोहरी, मुकेश, सुभाष पासोरिया व सतीश गुप्ता सहित अनेक सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।

## पंजाब के पूर्व राज्यपाल सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे आसींद

### नगर पालिका चेयरमैन देवीलाल साहू के पुत्र विवाह समारोह में हुए शरीफ

गरीबों का सितारा

**आसींद।** रविवार को कस्बे में पूरा दिन राजनीतिक प्रतिनिधि नेता लोगों के वाहनों की आवाजाही देखने को मिली मौका था नगरपालिका चेयरमैन देवीलाल साहू के सुपुत्र विवाह का पूर्व राज्यपाल पंजाब से लेकर प्रदेश स्तरीय विभिन्न संगठनों के आलाकमान नेता वाहनों की एस्कॉर्ट के साथ ही कस्बे की सड़कों पर नजर आए नगर पालिका चेयरमैन देवीलाल साहू के सुपुत्र विवाह में प्रदेश भर के कई बीजेपी कांग्रेस तथा अन्य राजनीतिक पार्टियों के बड़े पदाधिकारियों ने शिरकत की उपखंड स्तरीय जिला लेवल तथा प्रदेश स्तरीय कई प्रशासनिक अधिकारी भी वर वधू को आशीर्वाद देते नजर आए कस्बे तथा विधानसभा के कोने-कोने से व्यक्तियों ने इस विवाह समारोह का हिस्सा बने संत महात्माओं का आगमन भी इस आयोजन में विशेष चर्चा का विषय रहा जिसमें विभिन्न



मठों अंतरराष्ट्रीय तीर्थ स्थलों तथा मंदिरों के महंत पुजारी संतो ने उपस्थिति दर्ज कराई रविवार दोपहर 4:00 बजे से ही प्रारंभ होने वाले इस कार्यक्रम ने देर रात तक लोगों का आना जाना चालू था उधर समारोह है मैं गायक कलाकारों द्वारा अतिसुंदर प्रस्तुतियों के साथ ही गायन प्रस्तुति द्वारा मेहमानों का मन मोहक किया जा रहा था बड़ी संख्या में वाहनों की कतारें सड़क के किनारे तथा सैकड़ों की तादात में पार्किंग स्थलों पर वाहन व्यवस्था के लिए आयोजन समिति ने जोरों शोरों से व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रखने के लिए तैयारी कर रखी थी ज्ञात रहे वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू के पिता सोहन लाल साहू पूर्व में नगर पालिका चेयरमैन, साहू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष से लगाकर कई पदों पर आसीन रह चुके हैं।

# स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल आसींद में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

गरीबों का सितारा

**आसींद।** दिनेश साहू स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल आसींद में नए सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है विद्यालय के संस्था प्रधान डॉ तुलसीराम कुमावत ने बताया कि कक्षा 6 से आठवीं तक में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र 8 मार्च से विद्यालय से प्राप्त कर सकते हैं कक्षा 6 में 80 सीटों पर प्रवेश होगा जिसमें 36 छात्र और 44 छात्राएं होगी तथा कक्षा 7 व 8 में सीटी रिक्त होने पर ही प्रवेश दिया जाएगा इच्छुक आवेदकों का आवेदन 8 मार्च से 16 मार्च 2023 दोपहर 3:30 बजे तक जमा करवाने होंगे इसी के साथ 22 मार्च को चयन सूची का निर्धारण किया जाएगा एवं चयन सूची का प्रकाशन 27 मार्च को होगा चयनित आवेदकों से आवेदन प्रवेश फार्म 31 मार्च तक भरवाए जाएंगे आवेदन फार्म



के साथ मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र, पूर्व कक्षा के अंक तालिका, वर्तमान सत्र का अध्ययन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, राशन कार्ड, विशेष श्रेणी में दिव्यांग, बीपीएल, विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता आदि के प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि जमा करवानी होगी वही कक्षा 9 व 11 की प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित निर्देश बाद में प्रथक से जारी किए जाएंगे प्रधानाचार्य डॉ कुमावत ने जानकारी दी कि प्रवेश में ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को प्राथमिकता दी जाएगी जिसमें विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता, गंभीर रोग से पीड़ित, विकलांग एवं बीपीएल परिवार के बच्चों को वरीयता दी जाएगी 01 अप्रैल से नवीन सत्र में सभी कक्षाओं का शिक्षण कार्य प्रारंभ हो जाएगा सीबीएसई से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का कक्षा 10 व कक्षा 12 विज्ञान वर्ग के लिए पंजीयन सीबीएसई के नियमानुसार अनुमति प्राप्त होने पर सीट रिक्त होने पर ही प्रवेश दिया जाएगा।

## नया लक्ष्मीपुरा संस्कृत विधालय में वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित

गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा।** रामकिशन वैष्णव राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय, नया लक्ष्मीपुरा भादुवों की कोटडी में वार्षिकोत्सव



एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित ! कार्यक्रम की अध्यक्षता ढएएड प्रतिनिधि गजराज जाट ढळक मुख्य अतिथि सरपंच हगामी लाल गुर्जर एवं विशिष्ट आतिथि के रूप में अरविंद कुमार ओझा, राजमल शर्मा, सूर्य प्रकाश पाराशर, डॉक्टर भूपेंद्र सिंह चौधरी, श्रीमती अनीता वरियानी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की वंदना के साथ हुई तत्पश्चात प्रधानाध्यापिका श्रीमती सीमा जैन एवं अध्यापक पवन कुमार शर्मा द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण एवं सरोपाव पहनाकर स्वागत किया गया! कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियां दि गई। कक्षा 1 से 8 तक के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को पारितोषिक वितरण किया गया ।साथ ही विद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को ज्योमेट्री बॉक्स वितरित किए गए । इस अवसर पर विद्यालय के भामाशाहों द्वारा प्रिंटर ,कम्प्यूटर टेबल और लेक्चर स्टैंड भी भेंट किया गया। संस्था प्रधान श्री मती सीमा जैन ने सभी आगंतुको का आभार प्रकट किया। इस दौरान रटउ अध्यक्ष दुर्गा लाल गुर्जर, अमरचंद , प्रभु गुर्जर, बालू गुर्जर, सांवर लाल गुर्जर, हंसराज गुर्जर, रामजस गुर्जर, रामधन गुर्जर, कृष्ण जांगिड़ तथा अन्नू जयवर्धन आदि उपस्थित थे।

## वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा।** रामकिशन वैष्णव राजकीय प्राथमिक विद्यालय जूनी खेड़ा में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित ! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हगामी लाल मेवाड़ा, अध्यक्षता पंचायत समिति हुरड़ा प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़ ने की व विशिष्ट अतिथि सरपंच प्रतिनिधि ऊखलिया नेमीचंद, पूर्व बीआरसीएफ वीरेंद्र सिंह गहलोत, प्रधानाध्यापक सत्येंद्र गर्ग द्वारा मां वीणा वादिनी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। प्रधानाध्यापक अजीम बेग एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों एवं भामाशाह का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। संस्था प्रधान अजीम बैग ने सभी अतिथियों का स्वागत उद्बोधन कर विद्यालय की शैक्षिक ,सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । पूर्व विधायक हगामी लाल मेवाड़ा



ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा जगत में विद्यालय का, गांव का नाम रोशन करते हुए उत्तरोत्तर प्रगति करें । हुरडा प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़ ने शिक्षाप्रद कहानी के माध्यम से बच्चों में शिक्षा की अलख जगाई व उत्साह वर्धन किया । पूर्व बीआरसीएफ वीरेंद्र सिंह गहलोत ने पढ़ाई के महत्व के बारे में जानकारी दी' पूर्व केंद्राध्यक्ष एवं संकुल प्रभारी सत्येंद्र गर्ग ने बताया कि बच्चे अच्छी पढ़ाई करें और नाम रोशन करें ' विद्यालय परिवार ने छात्र-छात्राओं, भामाशाहो को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान व्याख्याता मोहनलाल, अध्यापक सत्यनारायण शर्मा, अमर चंद चौधरी, नरेश नेमीचंद, सुग्रीव, गायत्री, शिप्रा, मदनलाल, राजेश्वर, ब्रह्मा राम, रतन सिंह, उदय लाल, राजकुमार, श्री राम, विनोद कुमार, आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं सहित ललिता देवी, मनभर देवी एवं बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, अभिभावक, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। मंच संचालन अध्यापक नागेश्वर दाधीच ने किया व प्रधानाध्यापक अजीम बेग ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

|| आवश्यकता ||

आपके पसंदीदा मीडिया समूह "गरीबों का सितारा" को राजस्थान के समस्त विधानसभा क्षेत्र, तहसील क्षेत्र एवं पुलिस थाना और नगरपालिका स्तर पर कुशल एवं अनुभवी पत्रकारों, मार्केटिंग मैनेजर और ऑफिसर्स की आवश्यकता है।

नोट: संवाददाता हेतु जो खबर को सही रूप में लिखना एवं बोलना जानते हो वहीं व्यक्ति सम्पर्क करें।

गरीबों का सितारा
निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

प्रमोद शर्मा
सम्पादक
Mob. : 8233553666

रवि कुमार बैरवा
कार्यकारी सम्पादक
Mob. 9782527840

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# कांग्रेस के नवा मंथन में नहीं दिखा एक्शन प्लान

कांग्रेस का मंथन अधिवेशन बिना किसी आक्रामक रणनीति के समाप्त हो गया है। भाजपा जिस तरह संगठित व अनुशासित है, उससे मुकाबला करने के लिए कांग्रेस के इस अधिवेशन से पार्टी को सुगठित, एक्टिव और अनुशासित करने के लिए कोई संदेश नहीं निकला है। कांग्रेस सांसद व पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी की करीब चार हजार किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा के बाद हुए इस अधिवेशन में उम्मीद थी कि कांग्रेस राहुल के पदयात्रा से निकले 'अमृत' को अपने मिशन 2024 के एजेंडे में शामिल करेगी। लेकिन छत्तीसगढ़ की राजधानी नवा रायपुर में हुए 85वें अधिवेशन के दौरान सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के संबोधन और पार्टी के अधिवेशन घोषणा में ऐसा कुछ भी नया स्पार्किंग नहीं देखने को मिला, जिससे लगे कि कांग्रेस ने पदयात्रा से कुछ 'अमृत' हासिल किया है। ऐसा लगा जैसे पदयात्रा से कांग्रेस को पार्टी के तौर पर फिर से स्थापित करने के लिए कुछ खास नहीं मिला है, जिसे शामिल किया जा सके। सोनिया गांधी ने उसी चिरपरिचित अंदाज में भाजपा, संघ व पीएम नरेंद्र मोदी पर शब्दों से राजनीतक हमला किया। ऐसा वो पहले से ही करती रही हैं। प्रियंका गांधी ने भी अपने भाषण में कुछ भी नया नहीं कहा। राहुल गांधी भी अडाणी मुद्दे को लेकर ही अटके रहे तो मल्लिकार्जुन खरगे के अपने समापन भाषण में कहा कि मिशन 2024 के लिए कांग्रेस समान विचार वाले दलों के साथ काम करने को तैयार है। यह कोई नया आइडिया नहीं है। कांग्रेस पहले से ही ऐसी बात कहती रही है। कांग्रेस संगठन के तौर पर बेहद कमजोर है, पार्टी के नेताओं में भारी टकराव है, नेतृत्व के प्रश्न पर स्पष्टता नहीं है। सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, राहुल गांधी और अब खरगे के रूप में शीर्ष नेतृत्व में शक्ति के कई केंद्र बन गए हैं। ऐसे में कांग्रेस को आगे कौन ले जाएंगे? समान विचार वाले दल कैसे भरोसा करेंगे? मिशन 2024 के लिए कांग्रेस का राजनीतिक रोडमैप क्या होगा?, मुद्दों की लड़ाई कैसे लड़ेगी? सहयोगी कौन ढूंढेंगे? अनेक सवाल हैं जिन पर कांग्रेस को इस अधिवेशन में मंथन करना चाहिए था। भाजपा को टक्कर देने के लिए महंगाई, रोजगार, अर्थव्यवस्था, सोशल वेलफेयर, आरक्षण, सोशल इंजीनियरिंग, हिंदुत्व, राष्ट्रवाद आदि विषयों पर कांग्रेस की स्पष्टता के साथ सामने आना चाहिए था। किंतु ऐसा नहीं दिखा। कांग्रेस इस अधिवेशन में कहा कि पार्टी ने कभी भी भाजपा-आरएसएस से समझौता नहीं किया है, तो इसके राजनीतिक मायने क्या हैं? केंद्र की चुनी हुई सरकार के लिए राजनीतिक तानाशाही जैसे शब्दों का प्रयोग करना कहां तक उचित है और इससे कांग्रेस को क्या राजनीतिक लाभ हो सकता है? सरकारों को गिराने, इमरजेंसी और जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के सबसे अधिक उदाहरण तो कांग्रेस सरकारों के वक्त के हैं। देश में बढ़ती आर्थिक असमानता तो पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों की ही देन है। सामाजिक ध्रुवीकरण व तुष्टिकरण खुद कांग्रेस इंदिरा गांधी के वक्त से कर रही है। कहने का तात्पर्य ये सब कोई बात नहीं है। अधिवेशन में कांग्रेस को आर्थिक असमानता दूर करने के लिए उपाय पेश करना चाहिए था। केवल सवाल उठाने से तो बात नहीं बनेगी, समाधान पर अधिक फोकस करना होगा। अभी त्रिपुरा, मेघालय व नगालैंड में हुए विधानसभा चुनावों में प्रचार के दौरान कांग्रेस की जीतने की इच्छा ही नहीं दिखी, फिर जनभरोसा कैसे बढ़ेगा? अभी तो इस साल सात राज्यों में चुनाव और है। अधिवेशन में चुनाव जीतने की रणनीति पर कोई फैसला होता नहीं दिखा। क्या थकी, हारी, भ्रमित और खेमे में बंटी कांग्रेस मिशन 2024 के मैदान में जाएगी? कांग्रेस के इस नवा मंथन में कोई एक्शन प्लान नहीं दिखा।



कूटनीति
प्रभात कुमार रॉय

**भविष्य में तुर्किये के साथ भारत के ताल्लुकात यकीनन सुधर सकते हैं, क्योंकि तबाही के भीषण संकट के दौर में भारत विगत काल की कूटनीतिक कटुताओं को पूरी तरह से भुलाकर तुर्की की इमदाद करने वालों में अग्रणी देश रहा है और अत्यंत भावुकता के साथ तुर्किये ने इस तथ्य को स्वीकारा है। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत, तुर्किये और रशिया के मध्य स्थापित होती जा रही प्रबल प्रगाढ़ता के कारण विश्वपटल पर पाकिस्तान अत्यंत अलग थलग पड़ता जा रहा है। यह तो आने वाला भविष्य ही तय कर पाएगा कि भारत और तुर्किये के ताल्लुकात किस शिखर को स्पर्श कर सकेंगे, किंतु इतना तय है कि भारत ने दूरदर्शी कूटनीतिक सोच को ध्यान में रखते हुए हाथ बढ़ाया है।**

# तुर्किये संग रिश्ते में दूरदर्शी सोच

गहन गंभीर संकट वस्तुतः किस तरह से किसी मुल्क का मिज़ाज बदलकर रख देते हैं, इसका वर्तमान में ज्वलंत उदाहरण तुर्किये है, जोकि आज कल बेपनाह तबाही की भीषण त्रासदी से गुजर रहा है। अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के विरुद्ध पाकिस्तान के समर्थन में निरंतर प्रतिबद्ध तौर पर खड़ा होने वाला तुर्किये आजकल भारत को अपना गहरा और निकट दोस्त करार दे रहा है। यह वैश्विक स्तर पर भारत के बढ़ रहे कूटनीतिक प्रभाव को दर्शाता है। 7.8 तीव्रता का अत्यंत विनाशकारी कहर लिए भूकंप के भीषणतम झटकों ने तुर्किये के दक्षिण पूर्वी इलाकों को पूर्णतः तहस नहस कर डाला है। तकरीबन नौ करोड़ आबादी वाले राष्ट्र तुर्किये को पश्चिम और पूरब के मध्य एक भौगौलिक और सांस्कृतिक पुल करार दिया जाता है। रशिया की तरह से ही तुर्किये भी एक यूरोप और एशिया में फैला हुआ यूरेशियन राष्ट्र है। तुर्किये के अभूतपूर्व संकट के इस दर्दनाक वक्त में भारत ने उसकी शत्रुतापूर्ण कूटनीति को पूर्णतः विस्मृत करके अपनी संपूर्ण शक्ति के साथ उसकी मदद की है। यहां तक कि विनाशकारी भूकंप के पश्चात जब पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ़ ने तुर्किये की यात्रा करने का ऐलान किया तो ततुर्किये ने उनको अगवानी प्रदान करने से स्पष्ट इंकार कर दिया। ऐसा प्रतीत होता है कि विनाशकारी संकट के इस विकट काल में भारत और तुर्किये के कूटनीतिक संबंध एक नए संवेदनशील दौर में पहुंच गए हैं, जहाँ कि परस्पर संबंधों की वर्षों पुरानी कूटनीतिक कटुता यक़ीनन प्रखर मधुरता में परिवर्तित हो जाएगी। रुबेला वायरस का हवाला देकर भारत का गेहूं वापस लौटाने वाला तुर्किये भीषण संकट के इन दुर्भाग्यपूर्ण लम्हों में भारत की भरपूर इमदाद हासिल कर रहा है। यह किसी करिश्मा से कम नहीं है।
वसुधैव कुटुंबकम की भावना से सदैव ओतप्रोत रहा, भारत वस्तुतः विश्वपटल पर कदापि किसी मुल्क को अपना स्थाई दुश्मन करार नहीं देता है। मुख़तलिफ़ मुल्कों के मध्य उत्पन्न विवादों को सौहार्दपूर्ण तौर पर परस्पर बातचीत द्वारा निपटाने का भारत सदैव हिमायती रहा है। चीन और पाकिस्तान से साथ अपने विवादों को सुलझाने के लिए भारत द्वारा सदैव कूटनीतिक वार्ताएं प्रारम्भ करने की पहल अंजाम दी है। आजादी प्राप्त करने के तत्पश्चात भारत व तुर्किये के मध्य कूटनीतिक संबंधों का शानदार आग़ाज हुआ. भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू वस्तुतः मुसलिम बाहुल्य वाले मुस्तफ़ा कमाल पाशा के तुर्किये (तब के तुर्की) राष्ट्र की प्रगतिशालता और धर्मनिरपेक्षता के बहुत प्रशसंक थे। पं. नेहरू दिलो जान से चाहते थे कि तुर्किये विश्वपटल पर गुटनिरपेक्षता प्रबल पक्षधर बने। किंतु तुर्किये के लीडरों ने कोल्ड वार के दौर में अमेरिका की कयादत में नाटो सैन्य संधि में शामिल करने का फैसला लिया। तुर्किये ने कुछ वर्ष बाद में पाकिस्तान के साथ सैंटों सैन्य संधि का सदस्य बनने का भी निर्णय लिया। इस कूटनीतिक पृष्ठभूमि में पाकिस्तान के साथ तुर्किये की निकटता बढ़ती गई और भारत से दूरियाँ बनती चली गई। इंदिरा गाँधी के शासन काल में वर्ष 1974 तुर्किये ने जब साइप्रस के एक भाग पर सैन्य शक्ति द्वार आधिपत्य स्थापित किया।



साइप्रस के तत्कालीन राष्ट्रपति आर्कबिशप मकारिओस, जोकि गुटनिरपेक्ष आंदोलन के महत्वपूर्ण लीडर भी थे, उनके पक्ष में और तुर्किये की सैन्य आक्रमकता के विरुद्ध इंदिरा गाँधी ने खड़े होने का निर्णय लिया। इस कारणवश भी भारत और तुर्किये परस्पर विरोधी खेमों में खड़े हो गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन काल में वर्ष 2017-18 में राष्ट्रपति एर्दोगान ने भारत का दौरा इस उम्मीद पर अंजाम दिया था कि भारत थोरियम से परमाणु बिजली के उत्पादन की तकनीक तुर्की को उपलब्ध करा देगा, किंतु राष्ट्रपति एर्दोगान की यह उम्मीद कदापि पूरी नहीं हो सकी। कश्मीर विवाद पर भारत के विरुद्ध पाकिस्तान का सदैव सैन्य समर्थन करने वाले तुर्किये ने पाक़ को सदैव ही आर्थिक और सैन्य सहायता फराहम की है। तुर्किये का धर्मनिरपेक्ष चरित्र वर्ष 2002 में इस्लाम का परचम लहराने वाले राष्ट्रपति एर्दोगान के सत्तानशीन होने के तत्पश्चात बुनियादी तौर पर परिवर्तित होने लगा। तुर्किये के उस्मानी ऑटोमन साम्राज्य के गौरवशाली अतीत से प्रेरित और पोषित राष्ट्रपति एर्दोगान विगत दो दशक से वस्तुतः तुर्किये को इस्लामिक दुनिया का लीडर बनाने पर आमादा रहे हैं। अतः इस्लामिक दुनिया के परम्परागत लीडर रहे सऊदी अरब से साथ तुर्किये का वैमनस्य बाकायदा बरक़रार बना हुआ है। वर्ष 2017 में राष्ट्रपति एर्दोगान की हुकूमत का सैन्य तख्ता पलट की नाकाम कोशिश अंजाम दी गई। इस सैन्य तख्तापलट के प्रयास के पीछे एक उदारवादी मुसलिम विद्वान दार्शनिक फैहतुल्ला गुलान नामक शख्सियत की प्रेरणा बताई गई। अमेरिका में निवास कर रहे फैहतुल्ला गुलान को लेकर तुर्किये और अमेरिका के मध्य कूटनीतिक तनाव कायम बना रहा है। इस सैन्य वारदात के तत्पश्चात राष्ट्रपति एर्दोगान द्वारा अपने राजनीतिक विरोधियों का जबरदस्त दमन आरम्भ कर दिया। नाटो सैन्य संधि के चालीस देशों के विपरीत जाकर नाटो संगठन के सदस्य राष्ट्र तुर्किये ने यूक्रेन युद्ध के दौर में रुस के साथ अपने संबंध को प्रगाढ़ किया है और रुस के साथ तुर्किये ने ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में अनेक संधियां अंजाम दी है। तुर्किये द्वारा अमेरिका के विरुद्ध जाकर रुस से एंटी मिसाइल सिस्टम-एस 400 हासिल किया गया है। तुर्किये ने यूरोपीय यूनियन से एकदम पृथक विदेश नीति का अनुसरण किया है।
भविष्य में तुर्किये के साथ भारत के ताल्लुकात यकीनन सुधर सकते हैं, क्योंकि तबाही के भीषण संकट के दौर में भारत विगत काल की कूटनीतिक कटुताओं को पूरी तरह से भुलाकर तुर्की की इमदाद करने वालों में अग्रणी देश रहा है और अत्यंत भावुकता के साथ तुर्किये ने इस तथ्य को स्वीकारा है। कश्मीर विवाद पर इस्लामिक देशों के संगठन द्वारा ओआईसी ने सऊदी अरब की कयादत में पाकिस्तान की हिमायत बंद कर देने के पश्चात पाक़ लीडरॉन को अंतरराष्ट्रीय तौर पर मुसलिम मुल्कों में अभी तक केवल तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगान का ही कूटनीतिक सहारा शेष बचा हुआ था। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत, तुर्किये और रशिया के मध्य स्थापित होती जा रही प्रबल प्रगाढ़ता के कारण विश्वपटल पर पाकिस्तान अत्यंत अलग थलग पड़ता जा रहा है। पाकिस्तान का अनेक दशक तक प्रबल हिमायती रहा अमेरिका पहले ही पाकिस्तान से अपना दामन छुड़ा चुका है। अब तो पाकिस्तान को केवल चीन का सहारा शेष रह गया है, जोकि पाकिस्तान की डूबती हुई नैया को बचा सकता है। लेकिन हाल में चीन ने भी पाकिस्तान को मदद पर अपनी मुट्ठी कस ली है। इससे पाकिस्तान आर्थिक भंवर में फंस गया है। यह तो आने वाला भविष्य ही तय कर पाएगा कि भारत और तुर्किये के ताल्लुकात किस शिखर को स्पर्श कर सकेंगे, किंतु यह तथ्य निश्चित है कि विगत कूटनीतिक कटुताओं को दोनों देश अवश्य ही तिलांजलि दे देंगे और दोस्ती की राह पर आगे चल निकलेंगे। भारत अभी तुर्किये को कूटनीतिक स्तर पर और परखेगा भी।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।



## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस
योगेश कुमार गोयल

# 'जय विज्ञान' को मिले बढ़ावा

मानव जीवन को आज विज्ञान ने बेहद आसान और सुविधाजनक बना दिया है। आज के समय में विज्ञान के प्रति युवाओं की कितनी रुचि है, इसी पर देश का भविष्य निर्भर करता है। युवाओं के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग के दिलोदिमाग में विज्ञान के प्रति अधिकाधिक रुचि जागृत करने के लिए ही प्रतिवर्ष 28 फरवरी को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया जाता है। लेकिन हाल के वर्षों में वैश्विक स्तर पर सरकारों की वैज्ञानिक चेतना में कमी है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। ज्ञान के नाम पर अति धार्मिकता, दार्शनिकता और रूढ़िवादिता ने वैज्ञानिक समाज के विकास की राह में भ्रम का अवरोध खड़ा किया है। सांस्कृतिक विरासत और पहचान को राष्ट्रवाद की चासनी में बढ़ावा देने से वैज्ञानिक, सामाजिक व आर्थिक राष्ट्रवाद के प्रश्न पीछे छूट रहे हैं। प्रतिगामी व अनुत्पादक विचार वैज्ञानिक विचार पर हावी हो रहे हैं। ऐसे में विज्ञान दिवस क प्रासंगिकता बढ़ गई है। समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए विज्ञान को जीवन के हर स्तर पर अपनाने की जरूरत है। दरअसल इस दिवस के जरिये बच्चों को विज्ञान को बतौर करियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि देश की आने वाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दे सके और देश प्रगति के मार्ग पर निरन्तर अग्रसर रहे।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार के लिए राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा भारत में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में नामित करने के लिए वर्ष 1986 में भारत सरकार को कहा गया था और सरकार द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद से 28 फरवरी 1987 से प्रतिवर्ष इसी दिन भारतीय विज्ञान के क्षेत्र में एक महान कार्यक्रम के रूप में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता रहा है। यह दिवस भारत के महान वैज्ञानिक भौतिक शास्त्री सर सी.वी. रमन की खोज 'रमन प्रभाव' को सदैव याद रखने और विश्व पटल पर विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करने वाले इस वैज्ञानिक को सम्मान देने के लिए उनकी स्मृति में मनाया जाता है। सी वी रमन भौतिकी विज्ञान के क्षेत्र में पहले ऐसे भारतीय थे, जिन्होंने भारत में ऐसे आविष्कार पर शोध किया था। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ साइंस में 1907 से 1933 तक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने कार्य किया था। उस दौरान उन्होंने भौतिकी के कई बिन्दुओं पर शोध किया था, जिसमें से 'रमन प्रभाव' (प्रकाश के फैलने पर प्रभाव, जब विभिन्न वस्तुओं के द्वारा उसे गुजारा जाता है) उनकी महान सफलता और खोज बनी, जो न केवल विज्ञान जगत में लोकप्रिय हुआ बल्कि पूरी दुनिया ने उनकी इस खोज को सराहा। सी.वी. रमन की यह खोज 28 फरवरी 1928 को दुनिया के सामने आई थी, जिसके बाद पूरी दुनिया में उनकी इस खोज ने तहलका मचा दिया था। उनके इसी बड़े आविष्कार के लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिकी के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा माना जाने वाला 'नोबेल पुरस्कार' दिया गया था। वे एशिया के ऐसे पहले व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ था। 'रमन प्रभाव' खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार के अलावा भी अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात भारत लौटने पर उन्होंने कहा था कि मेरे जैसे न जाने कितने ही रमन सुविधाओं और अवसरों के अभाव में यूं ही अपनी प्रतिभा गंवा देते हैं, जिससे केवल उनका ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष का नुकसान है, जिसे हमें रोकना होगा।'' वर्ष 2013 से अमेरिकन केमिकल सोसायटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ऐतिहासिक केमिकल लैंडमार्क के रूप में 'रमन प्रभाव' को नामित किया गया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के तहत मनाया जाता है। 2023 की विज्ञान दिवस की थीम है 'वैश्विक भलाई के लिए वैश्विक विज्ञान'। वर्ष 2022 की थीम थी 'सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण' और वर्ष 2021 की थीम थी 'एसटीएई का भविष्य : शिक्षा कौशल और कार्य का प्रभाव'। एसटीएई का अर्थ है साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन। यह विषय शिक्षा कौशल और कार्य पर विज्ञान, प्रोद्यौगिकी और नवाचार (एसटीएई) के भविष्य में पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डालता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का सबसे बड़ा उद्देश्य लोगों को हमारे दैनिक जीवन में विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों की महत्ता से परिचित कराना होता है। विज्ञान को शिक्षा के साथ साथ सामाजिक व्यवहार में भी बढ़ावा देने के लिए जय विज्ञान के नारे को राष्ट्रीय अभियान बनाने का संकल्प आज हम सब लें।

# शरणागति का पाठ



संकलित
दर्शन

वनवास काल में जाने से पूर्व लक्ष्मण अपनी मां सुमित्रा के द्वारा दिए गए उपदेश की यदि अवहेलना कर देते तो उन्हें 14 वर्ष के इस अमृतमंथन काल में केवल विष ही हाथ लगता, क्योंकि तब वे वेद असतो मा सद्गमय! तमसो मा ज्योतिर्गमय! और मृत्योर्माअमृतंगमय की ऋचा से च्युत हो जाते। माता सुमित्रा ने राम के वनगमन पर कोई टिप्पणी इसलिए नहीं की, क्योंकि उसमें कैकयी जी के ऊपर कटाक्षेप किए बिना बात पूरी नहीं होती, जो केवल वर्तमान समय की बर्बादी और पुत्र के भविष्य को अंधकारमय कर देने जैसा होता। भूत और भविष्य दोनों कल्पना के विषय हैं। उपयोग तो केवल वर्तमान का ही किया जाता है, जो भविष्य का निर्माता होता है। सृजन पुरुषार्थ से होता है, कल्पना से नहीं होता है। जिस समय पुरुषार्थ होगा, उस काल का नाम तो वर्तमान ही होगा। संसार में सब लोगों को जीवन में प्रतिकूलता के 14 वर्ष मिलते हैं। बस अंतर केवल इतना होता है कि उस काल में संसार की माताएं सुमित्रा नहीं बन पाती हैं। यदि मां अपने बेटे में प्रतिकूल परिस्थिति में अनुकूल अर्थ लेकर समाज हित के लिए जीवन समर्पित करने का बीजारोपण करने लगे तो हमारा देश रामराज्य में बदल जाएगा, जहां शत्रुघ्न नींव के पत्थर होंगे। भरत मंदिर की आधार भूमि होगे और भगवान राम सीता जी तथा सेवा में हनुमान जी मंदिर की मूर्ति होंगे तथा मंदिर के ऊपर भगवान श्रीराम की कीर्ति का झंडा फहराएगा, जिसके दंड लक्ष्मण होंगे।

# कड़ी मेहनत के साथ धैर्य भी जरूरी



संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध से जुड़ा किस्सा है। बुद्ध अपने शिष्यों के साथ यात्राएं करते रहते थे। कभी-कभी वे कुछ जगहों पर ठहर भी जाते थे। बुद्ध आसपास की घटनाओं से शिष्यों को जीवन प्रबंधन के सूत्र बताते रहते थे। एक दिन बुद्ध शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे। उन्हें किसी गांव में उपदेश देने जाना था। रास्ते में उन्हें एक खेत में बहुत सारे गड्ढे दिखाई दिए। कुछ गड्ढे ज्यादा गहरे थे तो कुछ कम गहरे थे। गड्ढों को देखकर शिष्यों ने विचार किया कि ये एक खेत में इतने सारे गड्ढे किसी ने क्यों खोदे हैं? शिष्य आपस में इस विषय पर बात कर रहे थे, लेकिन किसी को भी इस प्रश्न का उत्तर समझ नहीं आया। तब सभी ने इस संबंध में बुद्ध से बात की। बुद्ध ने सभी गड्ढों को देखा और शिष्यों से कहा कि ये सभी गड्ढे पानी के लिए खोदे गए हैं। जिस व्यक्ति ने ये गड्ढे खोदे हैं, उसमें धैर्य की कमी है। उसने एक गड्ढा खोदना शुरू किया, थोड़ा खोदने के बाद पानी नहीं निकला तो उसने दूसरा गड्ढा खोदना शुरू कर दिया। इसी तरह उसने पूरे खेत में गड्ढे खोद दिए। बुद्ध ने शिष्यों को आगे समझाया कि अगर वह व्यक्ति धैर्य के साथ एक ही जगह पर गड्ढा खोदता रहता तो शायद उसे पानी जल्दी मिल जाता। हमें भी किसी काम में सफलता चाहिए तो कड़ी मेहनत करें, लेकिन धैर्य भी बनाए रखना चाहिए। कुछ काम ऐसे होते हैं, जिनमें सफलता थोड़े समय के बाद ही मिल पाती है। ऐसी स्थिति में धैर्य होना बहुत जरूरी है। वर्ना हम इस व्यक्ति की तरह छोटे-छोटे प्रयास करते रहेंगे और किसी भी प्रयास में सफलता नहीं मिलेगी।

## लड्डू होली...



बरसाना के राधा-रानी मंदिर में लड्डू होली खेलती भक्तगण। होली से पहले यहां भक्त हर साल परंपरागत होली रंगों और फूलों से खेलते हैं।

## आज की पाती

### अग्निपथ को समझें युवा

अग्निपथ जैसी योजना दुनिया के दूसरे देशों में भी अपनाई गई है। इस योजना का लाभ उन युवाओं को भी मिलेगा जो लंबे समय तक सेना में नौकरी नहीं करना चाहते हैं। सरकार ने अग्निपथ योजना को अमल में लाने से पहले सेनाओं के प्रमुखों और अन्य एक्सपर्ट से जरूर विचार विमर्श किया होगा, इसलिए जरूरी नहीं कि इससे सेना में भर्ती होने वाले युवाओं को नुकसान हो। वैसे भी 23-24 साल तक तो युवा वर्ग पढ़ाई या अन्य कोर्स ही करते हैं। अगर इस उम्र में वे अग्निपथ योजना के तहत चार साल सेना में लगा देते हैं तो इनके कैरियर बनाने की ओर सुनहरी मौके मिलेंगे, क्योंकि कुछ राज्यों की सरकारों ने तो अग्निवीरों के लिए विभिन्न नौकरियों में आरक्षण का ऐलान भी कर दिया है। *-मनीष शर्मा, डोंगरगढ़*

## ट्रेंड

### परियोजना से लाभ होगा



शिवमोग्गा में आकर खुशी हुई, जहां कनेक्टिविटी और जल सुरक्षा से संबंधित अनेक प्रमुख परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं। इनसे कर्नाटक को बहुत फायदा होगा। इसका सीधा लाभ प्रदेश के आम आदमी को मिलेगा।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### खिलाफ थे अधिकारी



मुझे बताया गया है कि ज्यादातर सीबीआई अधिकारी मनीष की गिरफ्तारी के खिलाफ थे। वे सभी उनका बहुत सम्मान करते हैं। लेकिन गिरफ्तार करने का राजनीतिक दबाव इतना अधिक था कि उन्हें आकाओं की बात माननी पड़ी।
-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

### भारत का भविष्य



होसुर में हाल ही में एक स्कूल शतरंज प्रतियोगिता में 1600 बच्चे शामिल हुए थे। एक लड़के ने पूरी रात बस से यात्रा की (दो बार बसें बदलकर) फिर डिपो से चल दिया। मैच से पहले झपकी ली। अगला मैग्नस बनना चाहता है। उनके जैसे बच्चे भारत के भविष्य को आकार देते हैं।
-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

### बहुत खास दिन



आज का दिन मेरे लिए बहुत खास है। आज बहुत ही खास दिन, मुझे बेहतर कार्य करने के लिए एक पुरस्कार मिला और मैंने आज के दिन ही एक बेहतर प्रदर्शन भी किया। मेरे जीवन में आए सब कुछ मैं हमेशा आभारी महसूस करती हूं।
-रश्मिका मंदाना, अभिनेत्री

संपादकीय

## करंट अफेयर

# वैश्विक स्तर पर बढ़ रही भारत की भूमिका : अमेरिका



अमेरिका के विदेश विभाग की एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका लगातार बढ़ रही है और भारत-अमेरिका संबंध सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक हैं। दक्षिण एवं मध्य एशिया मामलों की उप-सहायक विदेश मंत्री नैंसी इजो जैक्सन ने पिछले सप्ताह सिलिकॉन वेली की यात्रा के दौरान भारतीय समुदाय के नेताओं एवं स्थानीय भारतीय पत्रकारों से कहा कि जी-20 की भारत की अध्यक्षता से देश को हर क्षेत्र में तेजी से विकास करने में मदद मिलेगी। भारत ने पिछले साल एक दिसंबर को जी-20 की अध्यक्षता संभाली थी। जैक्सन ने कहा, 'जब हम जी-20 में भारत की अध्यक्षता को देखते हैं, तो हमें पता चलता है कि वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका लगातार बढ़ रही है। भारत-अमेरिका संबंध भी लगातार बढ़ रहे हैं।' यह संवाद कार्यक्रम एशियाई अमेरिकी, मूल हवाई वासी और प्रशांत द्वीप के लोगों पर राष्ट्रपति के सलाहकार आयोग के सदस्य अजय जैन भुटोरिया ने आयोजित किया था। इसमें विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय के प्रमुख लोगों से मुलाकात की।

## ऑफ बीट

# सस्ता डीएनए अनुक्रमण हो सकता है फायदेमंद



सस्ते डीएनए अनुक्रमण से स्वास्थ्य संबंधी कई फायदे हैं, लेकिन इसके डेटा को सही तरीके से संरक्षित करने की जरूरत है। ब्रिटेन में वैज्ञानिक फ्रांसिस क्रिक और जेम्स वॉटसन ने 70 साल पहले इसी सप्ताह कैमब्रिज के एक पब में अपने दोस्तों और सहकर्मियों से कहा था कि उन्होंने 'जीवन का रहस्य खोज' लिया है। उन्होंने अपने अध्ययन 'द शेप ऑफ द डीएनए मॉलिक्यूल एंड द वे इट कोड्स इंफॉर्मेशन' को कुछ महीनों बाद औपचारिक रूप से प्रकाशित किया था। डीएनए (डीऑक्सीराइबो न्यूक्लिक एसिड) को लेकर उस दिन से ही कई अध्ययन किए जा रहे हैं। पिछले हफ्ते ब्रिटेन के एक बच्चे टेडी शॉ की जान उसके 'डीएनए कोड' पर गौर करके बचाई गई। 'डीएनए कोड' पर गौर करने की प्रक्रिया को अनुक्रमण कहा जाता है। यह अब बेहद सस्ता और व्यापक रूप से उपलब्ध है, जिसने वैज्ञानिकों व नैतिकतावादियों के समक्ष कई चुनौतीपूर्ण सवाल खड़ कर दिए हैं। सस्ता अनुक्रमण नवजात शिशुओं में मेटैक्रोमैटिक ल्यूकोडीपीथी (एमएलडी) जैसे आनुवंशिक विकार का पता लगाने में मदद कर रहा है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# सर्व समाज का 108 जोड़ों सामुहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न हुआ

## कुचामन सिटी से गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति एवं अग्रवाल समाज सेवा समिति का शिष्टमंडल हुआ सम्मिलित

गरीबों का सितारा

**कुचामनसिटी।** सृजन सेवा सदन सालासर में हनुमान सेवा समिति






एवं पुजारी परिवार की प्रेरणा से सृजन चेरिटेबल ट्रस्ट के श्याम सुन्दर अग्रवाल कोलकाता के सौजन्य से सर्व समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन केन्द्रीय संस्कृति एवं संसदीय कार्य मंत्री के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ सर्व समाज की सामुहिक बारात बालाजी गौशाला से सृजन सेवा सदन पहुँची रास्ते में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया और नव दम्पति को सन्तों का आशीर्वाद भी मिला जिसमें सांगलिया धुणी पीठाधिश्वर ओमदास महाराज, किशनगढ़ रेनवाल से बड़ा मंदिर के सन्त डा. जुगल किशोर शरण महाराज, बल्डा धाम के संत सीताराम दास महाराज, सातड़ा धाम के ज्ञान नाथ महाराज आदि अनेक संतों ने नव दम्पति को सनातन संस्कृति की पालना करने की सीख दी कुचामन से गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति के राष्ट्रीय महासचिव श्याम सुन्दर मंत्री एवं कुचामन इकाई के अध्यक्ष श्याम सुन्दर सैनी ने मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं आयोजक परिवार के मुखिया एवं गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति के बंगाल प्रान्त के प्रभारी श्याम सुन्दर अग्रवाल का स्वागत कर संस्था का साहित्य भेंट किया । अग्रवाल समाज समिति कुचामन के अध्यक्ष नन्दकिशोर अग्रवाल के नेतृत्व में मुरलीधर स्नेही, मनोज शेखराजका, शेखर अग्रवाल, चिरंजी लाल अग्रवाल आदि ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम में सहयोग किया । चुरू सांसद राहुल कस्वा, ज़िला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग, हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष यशोदानंदन पुजारी, विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष रामजी लाल पुजारी आदि अनेक वरिष्ठ लोगों ने नव दम्पति को आशीर्वाद दिया।

अनशन का 22वां दिन

# संतों ने महावीर रांका को दिया आशीर्वाद कहा- संघर्ष ही सफलता की सीढ़ी



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** भाजपा नेता महावीर रांका की अगुआई में जिला कलक्ट्रेट के समक्ष 22 दिनों से चल रहे आमरण अनशन को अनेक सामाजिक संस्थाओं, व्यापारिक संगठनों, किन्नर समाज एवं साधु-संतों ने समर्थन दिया तथा न्याय के लिए कर रहे संघर्ष को सराहनीय बताया। खास बात तो यह है कि बीकानेर के विभिन्न वार्डों से लोगों ने इस अनशन को मजबूत बनाया वहीं राजनैतिक दृष्टिकोण से लोक जन शक्ति पार्टी ने भी महावीर रांका द्वारा किए जा रहे संघर्ष को समर्थन दिया। ईसीबी के 18 कार्मिकों की पुनःनियुक्ति की मांग को लेकर चल रहे इस आमरण अनशन में अनशनकारियों का उत्साह दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और संघर्ष में अपना पूर्ण योगदान दे रहे हैं। भाजपा के शंभु गहलोत ने बताया कि सोमवार को अनशन स्थल पर साधु-संतों का प्रवास हुआ और उन्होंने महावीर रांका सहित सभी अनशनकारियों को आशीर्वाद प्रदान किया। मथुरा से स्वामी श्री परमानन्दगिरि महाराज, दबूगिरि महाराज एवं विक्रांतगिरि महाराज ने उपस्थितजनों मंगलवाणी का श्रवण करवाया। भाजपा के ओम राजपुरोहित ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन द्वारा अनशनकारी श्रवण



गोदारा को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। अब आमरण अनशन पर पूर्व पार्षद राजेन्द्र शर्मा, जगदीश मोदी, मोहम्मद ताहिर, तेजाराम प्रजापत, घनश्याम रामावत डटे हुए हैं। धरनास्थल पर कैलाश पारीक, रमेश पारीक, मालचंद जोशी, राजेन्द्र व्यास, तेजाराम राव, लक्ष्मण जैपाल जसराज सीवर, पवन सुथार, मदन सारडा, संजय स्वामी, राजेंद्र व्यास, गणेशमल जाजड़ा, आनन्द जोशी एवं जितेन्द्र आचार्य आदि उपस्थित रहे।

## माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष हरीश कुमावत को दी श्रद्धांजलि

गरीबों का सितारा



**दांतारामगढ़ (विनोद धायल)।** पलसाना में सामाजिक विकास मंच द्वारा रिद्धि सिद्धि गार्डन में माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष हरीश कुमावत की श्रद्धांजलि सभा रखी गई जिसमें जिसमें संस्था के संरक्षक राम नारायण, चौधरी रामस्वरूप, शर्मा भवानी सिंह, भवानी सिंह, गोपाल सेवदा, सुभाष बाजिया, गिरधारी लंबोरिया कैलाश जटराणा, जुगल कुमावत, बाबूलाल कुमावत, सोहन लाल कुमावत, रतन कुमावत, रिछपाल कुमावत, नेमीचंद कुमावत, बनवारी कुमावत, राकेश कुमावत पत्रकार एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। वक्ताओं ने स्वर्गीय हरीश कुमावत की जीवनी पर प्रकाश डाला। संस्था के सचिव मदन बिजारणिया ने सभी का आभार प्रकट किया।

## पत्रकारिता में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजस्थान के दौसा का लाल हरियाणा में मंत्री द्वारा सम्मानित



गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** राजस्थान के दौसा जिले की महवा तहसील के एक छोटे से गांव नौरंगवाड़ा निवासी अजय राज मीणा को हाल ही में हरियाणा के जिले रेवाड़ी में पत्रकारिता में उत्कृष्ट कार्य करने पर हरियाणा सरकार में सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल द्वारा हरियाणा यूनियन ऑफ जॉर्नलिस्ट के कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र व यूनियन का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान वहां कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव भी मौजूद रहे। दरअसल, पिछले कई वर्षों से अजय राज मीणा पत्रकारिता में अपने सच्चे व शानदार लेखों से लोगों के ऊपर खूब छाप छोड़ रहे हैं। उन्होंने कई बार सरकार से लेकर विपक्ष तक के कान खड़े कर दिए। बताया जाता है कि अजय राज इससे पहले एक निजी चैनल के संपादक व सीईओ रह चुके हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के रामलाल आनंद कॉलेज से जर्नलिज्म की स्नातक डीग्री हासिल करते ही पत्रकारिता में पहला कदम रखा और उसके बाद महज कुछ दिन बाद छोटी सी उम्र में धमाल मचा दिया। फिलहाल वह अमर उजाला के साथ काम कर रहे हैं।मिडिया को यह सारी जानकारी अजय राज मीना के द्वारा दी गई है।

## राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का बीकानेर में नगाड़ों के साथ स्टेडियम में हुआ स्वागत



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू सोमवार को बीकानेर में राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव का उद्घाटन करने डॉ करनी सिंह स्टेडियम पहुंची। वे यहां देश के 7 सांस्कृतिक जोन के डोम में निरीक्षण कर रही हैं। बीकानेर पहुंचने पर उनकी राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र, केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, राजस्थान के कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ बीडी कल्ला ने उनकी अगुवानी करते हुए स्वागत किया। वे बीकानेर में राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव का उद्घाटन कर शाम 5.50 बजे वापस दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगी। इस दौरान नाल से बीकानेर के बीच रास्ता बंद है। 1200 पुलिसकर्मी इस मार्ग और डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में तैनात हैं।

# गुरुकृपा के उदघोष समारोह में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

### भजन सम्राट प्रकाश माली की भजन संध्या बनी आकर्षण का केंद्र

गरीबों का सितारा

**साधना सेठी, सीकर।** रींगस कस्बे के बावड़ी स्थित गुरु कृपा पब्लिक स्कूल में रविवार को उदघोष समारोह का आयोजन किया गया जिसमें 12 फरवरी को हुई गुरु कृपा पब्लिक स्कूल स्कॉलरशिप कम ऐडमिशन टेस्ट में अपनी प्रतिभा दिखाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह किया गया। गुरुकृपा निदेशक प्रदीप बुडानिया ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य अनुशासन व संस्कारों के साथ गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना है जिसके लिए गुरुकृपा दृढ़ संकल्प के साथ क्षेत्र की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने के लिए बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए समर्पित टीम के साथ तैयार रहेगी। निदेशक राजेश कुलहरी ने अपने उद्बोधन में समारोह में पधारे सभी अभिभावक गण का स्वागत करते हुए बताया कि हमारे छोटे छोटे प्रयास बड़ी मंजिल की तरफ बढ़ने की राह आसान बना देते हैं जिस तरीके से बारिश की बूंदे भले ही छोटी हो लेकिन लगातार बरसने से बड़ी-बड़ी नदियों व महासागरों में बाढ़ ला देती है उसी तरीके से बच्चे के छोटे-छोटे प्रयास उसमें त्याग अपने काम के लिए समर्पण की भावना, जिज्ञासा , तत्परता व कार्य करने की इच्छा का भाव पैदा करती है। गुरु कृपा पब्लिक स्कूल के एकेडमिक हेड विक्रम सिंह ने बताया कि सुबह 10:15 बजे बालाजी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व सवामणी के साथ




उदघोष कार्यक्रम का आगाज हुआ। तत्पश्चात 12 फरवरी को आयोजित गुरु कृपा पब्लिक स्कूल स्कॉलरशिप कम ऐडमिशन टेस्ट आकलन की परीक्षा में सम्मिलित सभी प्रतिभाओं का सम्मान समारोह किया गया जिसमें कक्षा 2 से कक्षा 8 तक प्रथम स्थान पर क्रमशः यथार्थ अग्रवाल, समर्थ अग्रवाल ,चेतना चौधरी , सक्षम चौधरी, दिव्यांशी जैन , जतिन अग्रवाल , नितिन गोयल रहे। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 2 से 8 तक के सभी विद्यार्थियों को एलइडी टीवी व दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को टेबलेट से सम्मानित किया गया कक्षा 9 से कक्षा 11 तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थी राजपाल धायल , एंजल खुराना , प्रिंस चौधरी , जितेंद्र कुमार रहे इन सभी बच्चों को लैपटॉप के साथ सम्मानित किया गया । प्रत्येक कक्षा में तीसरी से दसवीं रैंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप बैग व सर्टिफिकेट के साथ सम्मानित किया गया अन्य सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट व मेडल देकर सम्मानित किया गया। परीक्षा में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी जाएगी। विक्रम सिंह ने बताया कि सम्मान समारोह के बाद भजन संध्या का कार्यक्रम शुरू किया गया जिसमें भजन सम्राट प्रकाश माली ने राजस्थान की रंगीली संस्कृति से अभिभूत भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर हजारों की संख्या में विद्यार्थी अभिभावक गण व गुरुकृपा स्टाफ मौजूद रहा।

## समाज सेवी झाझडिया ने जयपुर में आयोजित जाट महाकुंभ में सम्मिलित होने के आह्वान को लेकर किया पोस्टर विमोचन

आयोजन को सफल बनाने को लेकर किया जनसंपर्क



गरीबों का सितारा

**चौमूं ( सुनील कुमार पाराशर)।** जयपुर में 5 मार्च को आयोजित होने वाले जाट महाकुंभ की तैयारियों को लेकर सोमवार को ग्राम पंचायत अमरपुरा के समाज सेवी कालूराम झाझडिया एवं उपसरपंच एस के डूडी के द्वारा जाट महाकुंभ सम्मेलन का पोस्टर का विमोचन किया गया।पोस्टर विमोचन के दौरान समाजसेवी झाझडिया एवं उपसरपंच डूडी ने जाट समाज के सभी बंधुओ से आह्वान किया कि जाट समाज के इस महा आयोजन में हमें अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इसे सफल बनाना है साथ ही उन्होंने बताया कि जयपुर में आयोजित होने वाला जाट महाकुंभ अनुशासन पूर्वक आयोजित होगा जो पूरे देश मे समाज की एकता का संदेश प्रसारित करेगा। साथ ही महाकुंभ में शामिल होने को लेकर जयपुर चलो अभियान के तहत ग्राम पंचायत नांगल भरड़ा, अमरपुरा,तिगरिया, ईटावा भोपजी सहित अनेक गांवों में जनसंपर्क किया गया। इस मौके पर रघुनाथ जाट, रामकिशोर जाट, धर्म सिंह धायल, नंछू राम जाट, सुरज्ञान बिजारणिया, शिंबू दयाल घटाला, सहित जाट समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

## संत श्री नारायणदास यूथ मंड़ल अजीतगढ़ को राज्य स्तरीय अवॉर्ड से किया सम्मानित, राजस्थान से नेशनल अवॉर्ड कमेटी के समक्ष भेजा प्रस्ताव

गरीबों का सितारा

**साधना सेठी, सीकर।** नेहरू युवा केन्द्र सीकर व युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार से संबंद्व संतश्री नारायणदास यूथ मंड़ल अजीतगढ़ के द्वारा युवा विकास एवं सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में वर्ष 2021-22 किए गए कार्यों के आधार पर सोमवार को प्रताप विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में राज्य स्तरीय श्रेष्ठता अवॉर्ड 75 हजार रूपए राशि व प्रशंसा पत्र मंडल अध्यक्ष अक्षय कुमावत, उपाध्यक्ष पूरणमल प्रजापत को देकर सम्मानित किया। समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया, चौमू विधायक रामलाल शर्मा, नेहरू युवा संगठन राज्य निदेशक महेन्द्र सिंह सिसोदिया ने यूथ मंडल कार्यों, गतिविधियों आदि की सराहना करते हुए अजीतगढ़ ब्लॉक का यूथ मंड़ल ने नेहरू युवा संगठन की गतिविधियों के साथ ही स्वयं के स्तर पर युवा विकास एवं सामुदायिक सेवा के क्षेत्र के उल्लेखनीय कार्य किए हैं। युवाओं को राष्ट्र विकास में सकारात्मक सोच के साथ रचनात्मक कार्य करने का संदेश एक मुहिम के साथ संचालित किया हैं। सीकर जिला युवा अधिकारी तरूण शर्मा ने बताया कि संतश्री नारायणदास यूथ मंड़ल ने सीकर जिलेभर में अच्छे कार्य




करने पर जिला स्तरीय अवार्ड 25 हजार रूपए व प्रशंसा पत्र के लिए चयनित हुए थे। उसके बाद मंडल का नाम राज्य स्तरीय अवॉर्ड के लिए प्रस्तावित किया गया। सीकर जिले का 1972 के बाद से पहला यूथ मंड़ल हैं, जो राज्य स्तरीय श्रेष्ठता पुरस्कार से सम्मानित हुआ हैं। संगठन राज्य निदेशक सिसोदिया ने बताया कि यूथ मंडल का नाम नेशनल अवॉर्ड के लिए चयन समिति दिल्ली को प्रस्ताव भेजा गया हैं। मंडल संरक्षक सी.के. मीणा ने बताया कि देश में वर्ष 1972 से स्थापित नेहरू युवा केन्द्र के 29 प्रदेशों के वर्तमान में 623 जिलों में नेहरू युवा संगठन के तहत 1.69 लाख युवा मंड़ल कार्य कर रहे हैं। राजस्थान में 9203 यूथ मंड़ल, सीकर जिले में 1076 व श्रीमाधोपुर उपखंड़ में 86 यूथ मंड़ल हैं। यूथ मंड़ल को राज्य स्तरीय श्रेष्ठ युवा मंड़ल पुरस्कार मिलने पर पद्मश्री से सम्मानित जगदीश प्रसाद पारीक, श्रीमाधोपुर विधायक दीपेन्द्रसिंह शेखावत, बालेन्दुसिंह शेखावत, नगरपालिका अध्यक्ष संतोष देवी अग्रवाल, क्षेत्रीय विकास परिषद अध्यक्ष राजेश शर्मा समेत विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों ने खुशी व्यक्त की हैं। सीकर जिले से अब तक का पहला यूथ मंडल संतश्री नारायणदास यूथ मंड़ल हैं, जो राज्य स्तर पर श्रेष्ठ युवा मंड़ल के प्रथम पुरस्कार से सम्मानित हुआ हैं।

# बढ़ते कदम : आरटीयू और टीएएसए ग्लोबल के मध्य एमओयू

## राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय वैश्विक शिक्षा के उत्कृष्टता केंद्र बनने के और अग्रसर

### प्रदेश की तकनीकी शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण की दिशा में राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय का नवाचार

### विद्यार्थिओं के लिए वैश्विक अवसरों का सृजन करेगा आरटीयू : कुलपति प्रो.एसके सिंह

गरीबों का सितारा

**कोटा।** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा इंजीनियरिंग के विद्यार्थिओं को अंतर्राष्ट्रीय अनुभव देने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय मंच पर कार्य कर रही टीएएसए ग्लोबल के साथ कुलपति प्रो एसके सिंह के निर्देशन में एक समझौता ज्ञापन ( एमओयू ) साइन किया हैं। एपीआर विक्रम राठौड़ ने बताया की इस अवसर पर कुलसचिव श्री वीरेंद्र कुमार वर्मा एवं टीएएसए ग्लोबल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ राजीव बी शर्मा द्वारा पीआरओ डॉ एसडी पुरोहित एवं प्रो. राजीव गुप्ता की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर एवं एमओयू का आदान-प्रदान कर तकनीकी शिक्षा के विद्यार्थियों के लिए अंतर्राष्ट्रीयकरण की दिशा में कार्य करने पर सहमति जताई गई। इस समझौता ज्ञापन की मदद से यूनिवर्सिटी, सम्बद्ध इंजीनियरिंग कॉलेजो के विद्यार्थी विभिन्न संकाय सदस्य, शिक्षक, तकनीकी शिक्षा जगत के ह्तिधारक लाभान्वित होंगे साथ ही यह एमओयू विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के वैश्विक मंच पर प्रतिभा प्रदर्शन के समुचित अवसर प्रदान करेगा। इस अवसर पर दोनों पक्षों के मध्य उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के व्यापीकरण को लेकर विस्तृत चर्चा भी हुई। इस एमओयू के तहत आपसी साझेदारी के साथ दोनों पक्ष विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा से जुडी वैश्विक सम्भावनाओं और सहयोग की दिशा में मिलकर संयुक्त रूप से कार्य करेंगे जिससे राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को शिक्षा का वैश्विक माहौल प्राप्त होगा। आरटीयू और टीएएसए ग्लोबल विदेशी विश्वविद्यालय सहयोग, एकेडमिक एक्सचेंज, विदेशी शिक्षा सेवाएं और विदेश में उच्च अध्ययन, वैश्विक कौशल विकास, परिणाम आधारित



प्रशिक्षण, अंतर्राष्ट्रीय इंटर्नशिप, वैश्विक कैरियर निर्माण, वैश्विक प्रवेश, अंतर्राष्ट्रीय अनुभव कार्यक्रम, छात्र विनिमय, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट, उद्योगों में इंटर्नशिप, इंक्यूबेशन, शैक्षिक आदान-प्रदान, संकाय विकास के क्षेत्रों में बढ़ावा देने के लिए आपसी सहयोग करेंगे। इस अवसर पर कुलपति, प्रो. एसके सिंह ने कहा कि राजस्थान भारत में उच्च शिक्षा के लिए एक बहुत तेजी से उभरता गंतव्य है और आरटीयू इस उच्च शिक्षा क्रांति में सबसे आगे है। इस सहयोग से हम अपने छात्रों और संकायों के लिए सर्वश्रेष्ठ विदेशी विश्वविद्यालयों की भागीदारी और वैश्विक प्रदर्शन कि दिशा में कार्य करेंगे। अच्छे कैरियर निर्माण के लिए भारतीय छात्र विदेश में पढ़ाई करना चाहते हैं। बेहतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विदेश में बसने की इच्छा, और सबसे महत्वपूर्ण, बेहतर करियर और नौकरी की संभावनाओं ने विद्यार्थियों को वैश्विक मंच की और आकर्षित किया हैं। डॉ. शर्मा ने कहा कि टीएएसए ग्लोबल का प्रयास है कि सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों, वैश्विक शिक्षा, इंटर्नशिप को सीधे राजस्थान में लाया जाए ताकि छात्रों के पास पारदर्शी और नैतिक तरीके से विदेश में अध्ययन के लिए व्यापक और बेहतर विकल्प हों। मुझे आरटीयू से संबद्ध और घटक कॉलेजों, संकायों और छात्रों की सेवा के लिए राजस्थान में 35 देशों के 1000+ विश्वविद्यालयों के हमारे पोर्टफोलियो से चयनित विश्वविद्यालयों को लाने में आरटीयू के साथ साझेदारी करने में खुशी हो रही है। आरटीयू विजन और मिशन मुख्य रूप से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और अकादमिक उत्कृष्टता हासिल करने पर केंद्रित है।

### एक परिचय : अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक परामर्शदाता टीएएसए ग्लोबल

टीएएसए ग्लोबल विदेशों में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, इटली और सिंगापुर में उच्च गुणवत्ता वाले अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ उनके भारत में सेंवा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा हैं जो की विद्यार्थियो के विदेशों में उच्च अध्ययन के अवसर उपलब्ध कराता हैं। साथ ही छात्रों को शिक्षा और कैरियर परामर्श और वैश्विक शिक्षा समाधान प्रदान करने में भी यह कार्य कर रहा है, जो विदेश में अध्ययन करने में रुचि रखते हैं और उन्हें वैश्विक अध्ययन सुविधाएं प्रदान करता हैं। टीएएसए ग्लोबल प्रमुख वैश्विक विश्वविद्यालयों में प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी, कानून, इंजीनियरिंग, रचनात्मक कला, डिजाइन और अन्य कार्यक्रमों में छात्रों को उनकी इंटर्नशिप, विसर्जन, स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए मदद करता हैं। टीएएसए ग्लोबल से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए www.tÔsÔÔsiÔ.com पर विजिट किया जा सकता है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## सुभाष गुर्जर को गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति थानागाजी के अध्यक्ष पद पर किया नियुक्त

गरीबों का सितारा



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** किशोरी गोलाकाबास कस्बे के समीपवर्ती गांव बांकाला निवासी सुभाष गुर्जर को गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति राजस्थान के अध्यक्ष विजय बैंसला ने विधानसभा प्रभारी रोहिताश घांघल की अनुशंसा पर थानागाजी तहसील अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है व उन्हें समाज हितार्थ कार्य करने के निर्देश दिए है । वहीं सुभाष गुर्जर के अध्यक्ष पद पर मनोनीत करने पर गुर्जर समाज के प्रबुद्धजनों ने उनका स्वागत किया । मिडिया को यह सारी जानकारी गोलाकाबास से रितिक शर्मा के द्वारा दी गई है।

## इंटक के पूर्व अध्यक्ष आनन्द मोहन शर्मा की छठी पुण्य तिथि का आयोजन आगामी 01 मार्च को

गरीबों का सितारा



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** सुप्रसिद्ध श्रमिक नेता प्रदेश कांग्रेस कमेटी ( श्रम प्रकोष्ठ) के अध्यक्ष रहे अजमेर जिला देहात जिला कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष, इंटक के प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पदों पर रहे इंटक के पूर्व अध्यक्ष आनन्द मोहन शर्मा की छठी पुण्य तिथि आगामी 01 मार्च 2023, बुधवार को उदयपुर रोड़ स्थित ब्रह्मधाम पर आयोजित कर उन्हें श्रद्धाजंलि व पुष्पाजंलि अर्पित की जायेगी।इंटक अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की उस दिन प्रातः 9.00 बजे ब्रह्मधाम के समीप गायों को चारा एवं 10.00 बजे स्थानीय पार्श्वनाथ चिकित्सालय में फल वितरण, वृद्धजनों का भोजन प्रातः 11.00 बजे ब्रह्मधाम में आयोजित किया जायेगा। जरूरतमंदों को भोजन प्रातः 11.30 बजे वितरित किया जायेगा शर्मा ने इस अवसर पर सभी शुभचिंतकों उपस्थित होने का आग्रह किया है । इंटक के पृथ्वीराज गहलोत, पुखराज सांखला, हनुमान जांगिड़, सलीम काठात, जब्बार काठात, हुसैन काठात, राजेश शर्मा, भुवनेश शर्मा, जसराज मेघ, कन्हैया चौहान, उमाराम राठौड़, रामकिशोर कच्छावा, कन्हैया पंवार, लालचन्द भाटी आदि ने इस अवसर पर सभी से उपस्थित होने की अपील है।

## पुलिस ने 675 ग्राम अफीम के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफतार

गरीबों का सितारा



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम एवम धरपकड अभियान के तहत ब्यावर मे चल रही नाकाबंदी के दौरान अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये जिस पर सहायक पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार चौधरी के निकटतम सुपरविजन मे नाकाबंदी के दरमियान 675 ग्राम अफीम को जप्त कर एक व्यक्ति दीलदार को गिरफ्तार किया गया मामला दर्ज किया जाकर जप्तशुदा अफीम के संबंध में आरोपी से गहनता से अनुसंधान जारी है।

## निर्बाक वैदिक संस्कृत समिति जिलाध्यक्ष कैलाश सुथार को किया सम्मानित

गरीबों का सितारा



**रायला।** मुकेश जाट क्षेत्र के अखिल जांगिड़ ब्राह्मण अधिकारी कर्मचारी महासंघ भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष को निर्बाक वैदिक संस्कृत समिति भीलवाड़ा का मंडल स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह चन्द्रशेखर भण्डारी उपखंड अधिकारी कुशलगढ़ के मुख्य आश्रशिय में सम्पन्न हुआ । समारोह में अखिल राजस्थान जांगिड़ ब्राह्मण अधिकारी कर्मचारी महासंघ भीलवाड़ा के जिलाध्यक्ष कैलाश सुथार रूपाहेली का सम्मान किया गया । वही कैलाश सुथार समिति के कार्यो में सक्रिय भागीदारी निभाते है और भाषाओं की जननी संस्कृत ओर संस्कारो के प्रचार प्रसार में सक्रिय सहयोग करते है।

## पत्रकार विजय महर्षि की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



गरीबों का सितारा

**कुचामनसिटी।** पत्रकार विजय महर्षि की पुण्यतिथि पर शिक्षा नगरी के श्याम ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें युवाओं ने रक्तदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शिविर का शुभारंभ कुचामन केमिस्ट सोसायटी अध्यक्ष श्रीपाल सिंह रसाल एवं वरिष्ठ पत्रकार विनोद गौड़ ने किया। इस दौरान श्रीपाल सिंह रसाल ने कहा रक्तदान से बढ़कर कोई दान नही है इसे जीवनदान भी कहा जाता हैं। शिविर की सफलता में सुखदेव महर्षि, प्रकाश कांटवा, गोतम शर्मा , ओमप्रकाश शर्मा , दिलीप सिंह भरनाई, पपु राम, ओमप्रकाश कुकनवाली, सुनील शर्मा बेगसर, कृष्णकुमार शर्मा डोडवारी, रामचन्द्र कुमावत, कुचामन बार संघ अध्यक्ष रतन प्रधान, आटा - साटा कुप्रथा विरोधी अभियान संयोजक सरिता जाखड़, लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष राम काबरा, मुस्लिम एजुकेशनल सोसायटी अध्यक्ष मोहम्मद शकील, एडवोकेट ओमप्रकाश पारीक, एडवोकेट मुरलीधर जोशी, रतन जाखड़ , राजू मेहरा कुकनवाली, सुरेश गुजर, कानाराम गुर्जर मुकेश कुमावत ,अशवनी जांगिड़ आदि का विशेष सहयोग रहा।

# खाटूश्यामजी मेले का छठा दिन... : आ गया मैं दुनियादारी सारी बाबा छोड़ के, लेने आजा खाटू वाले

### लगातार भक्तों का उमड़ रहा जनसैलाब, मेले में श्याम नाम की बह रही गंगा







गरीबों का सितारा

**खाटूश्यामजी, विनोद धायल/साधना सेठी/नरेश कुमावत ।** सीकर जिले के खाटूश्यामजी में देश विदेश में प्रसिद्ध बाबा श्याम बाबा के वार्षिक लक्खी फाल्गुन मेले के छठवें दिन श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला तेजी से बढ़ने लग गया है। भक्तों की आवक से बाबा श्याम का मेला भी धीरे-धीरे अपनी रंगत में आने लगा है। वही श्याम का रंग भी धीरे-धीरे श्याम भक्तों पर चढ़ने लगा है। श्याम के दरबार तक पहुंचने वाले श्रद्धालु के द्वारा दर्शन मार्गों पर रंग-गुलाल भी उड़ने लगा है। देश के कोने-कोने से प्रतिदिन श्याम भक्तों का रैला मंदिर में पहुंचने लगी है। बाबा श्याम के दरबार में छठवें दिन लाखों श्याम भक्तों ने बाबा की चौखट पर शीशनवा कर खुशहाली की मन्नते मांगी। इस बार बाबा के दर्शन करने आ रहे भक्तों के लिए जैग लाइन को हटाकर 14 सीधी लाइन बनाई गई हे जिससे श्रद्धालु बाबा के दर्शन आराम से कर पा रहे है। जानकारी के अनुसार श्रद्धालु 30 फीट की दूरी से भी बाबा का दीदार कर सकेंगे और एक घंटे के अंदर 3 से 4 लाख लोग बाबा के दर्शन कर पाएंगे।बाबा के मेले में इस बार भक्त 300 मीटर पहले ही श्रद्धालु श्याम बाबा के लिए प्रसाद, फूल, निशान, नारियल ले पा रहे है। खाटूश्यामजी कस्बे में खाटू नरेश के इस मेले को लेकर काफी मान्यता है। बाबा श्याम के मंदिर राजस्थान के साथ देश के राज्यों और विदेशों में बनाए गए जहां हजारों से लाखों की संख्या में भक्त दर्शन करने आते है। बता दें कि पहुंचने वाले भक्त बाब श्याम के एक पल के दीदार करने का सिलसिला 22 फरवरी शुरू हुआ था और मनोकामनाओं का सिलसिला अब भक्तों का सैलाब बढ़ता ही चला जा रहा है।





सितारा न्यूज नेटवर्क LIVE सितारा न्यूज नेटवर्क

### श्री श्याम लक्खी मेले में श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

फाल्गुन में श्याम बाबा के मेले में श्याम प्रेमियों में भक्ति रंग चढ़ना शुरू हो गया है इस मेले को लेकर देश विदेश के साथ असम के विभिन्न जिलों में श्याम भक्तों का मेले में शामिल होने का सिलसिला शुरू हो चुका है। श्याम बाबा के दरबार में निशान अर्पित करते हैं । इसी क्रम में श्री श्याम मंडल जोराहट के 101 सदस्यों द्वारा श्री श्याम बाबा के निशान अर्पित कर खुशहाली की कामना करेंगे जोरहाट से पधारे श्याम भक्तों ने बाबा की पावन जोत लेकर रिंगस से खाटू पेदल चलकर बाबा श्याम को चांदी के निशान अर्पित किए। जोरहाट से पधारे श्याम भक्त संजय अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल, संदीप मोदी, जीतू सोनी, संतोष शर्मा, कामाख्या प्रसाद चांडक रूबुलदा बंटी तोतला कुंज बिहारी बंसल और महीला मण्डल बरखा अग्रवाल, निकिता मोदी, सुमन अग्रवाल, कविता अग्रवाल काफी उत्साह के साथ बाबा के श्री चरणों में श्याम निशान अर्पित किए।


## जयनारायण व्यास नगर में श्याम बाबा उत्सव में उमड़ी भीड़





गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** श्याम बाबा महिला सुंदरकांड व सत्संग मण्डल, व्यास कॉलोनी द्वारा श्याम बाबा फाग धमाल उत्सव जयनारायण व्यास नगर के वृंदावन पार्क में आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाओ ने उपस्थित होकर श्याम बाबा का पूजन के साथ फागोत्सव का आनंद लिया और एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राजलदेसर की सुरेश मदान भजन पार्टी सुरीले मनमोहक भजनो की प्रस्तुतियां दी। प्रसिद्ध भजन गायक कमलेश शर्मा फुलेरा वाले ने सुंदर प्रस्तुतियों से समा बना दिया। कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण के मनमोहक नृत्य से उपस्थित महिलाओ को झूमने पर मजबूर कर दिया और सम्पूर्ण वातावरण कृष्णमय बना दिया। इस अवसर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि दिलीप पुरी ने श्याम बाबा के भक्तों पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन किया। महिला मण्डल सुरुचि पारीक,



नीलम पारीक, करुणा गुप्ता, उमा मदान, किरण गोयल, ज्योति अरोड़ा, मीनू सोनी, सरिता राठौड़,हेमा सिंह, पार्षद संजय गुप्ता, संजय पारीक, अखिलेश प्रताप सिंह, अभय पारीक, दिनेश महिर्षि, हिमांशु शर्मा नवनीत गोयल, राजेन्द्र गर्ग, नरेश अग्रवाल, पंचीलाल पारीक, मुकेश सक्सेना, सुरेश चंद्र भसीन,बलदेव यादव,बृजमोहन जिंदल,ओम जिंदल, श्याम सेवदा, कृष्ण कुमार शर्मा, श्याम तिवारी, राजकुमार कल्ला आदि बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे।

## अलोदा गांव में माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष स्व. हरीश कुमावत को दी श्रद्धांजलि



गरीबों का सितारा

**खाटूश्यामजी (विनोद धायल)।** आज अलोदा ग्राम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व विधायक स्व. हरीश कुमावत की प्रतिमा के सामने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि का कार्यकम रखा गया।जिसमे सयोजक शक्ति सिंह अलोदा ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में दांतारामगढ़ विधान सभा के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खेलनी सप्तमी : बीकानेर के नागणेची मंदिर में फागोत्सव का हुआ आयोजन

गरीबों का सितारा



**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** होली पर्व को अब महज एक सप्ताह का समय शेष रह गया है। ऐसे में बीकानेर के मंदिरों में फागोत्सव का आयोजन हो रहा है। खेलनी सप्तमी के मौके पर बीकानेर के ऐतिहासिक नागणेचीजी माता मंदिर में परम्परागत रूप से फागोत्सव का आयोजन हुआ। इस आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। परम्परागत रूप से मां नागणेचीजी को फूलों, इत्र, गुलाल, अबीर आदि से फागोत्सव किया। इस मौके पर भक्तों ने एक-दूसरे के सांकेतिक रूप से तिलक लगा फागोत्सव मनाया। इस मौके पर परम्परागत वेशभूषा के साथ मौजूद मां के भक्तों ने चंग व ढोल-नगाड़ों के साथ मां के चरणों में भजनों की प्रस्तुतियां दी।

## कचोलिया में फाग उत्सव एवं सम्मान समारोह का हुआ भव्य आयोजन

गरीबों का सितारा

**बस्सी (रामफूल मीणा) ।** बस्सी विधानसभा क्षेत्र के कचौलिया में ठाकुर जी महाराज के मंदिर में फाग उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया इस दौरान फागोत्सव में श्रद्धालु भजनों पर झूम उठे और श्रद्धालुओ द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। ग्रामीणों ने फाग उत्सव में आए हुए अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। जिनमे बस्सी प्रधान इंदिरा देवी शर्मा की और से पांच लाख 65000 रुपये की लागत से बनकर तैयार हुये चौपाल को अंतिम रुप दिया गया और इस दौरान फागोत्सव में



मुख्य अतिथि इंदिरा देवी शर्मा प्रधान पंचायत समिति बस्सी और कांग्रेस नेता सुरेन्द्र शर्मा, बाबूलाल शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता , रामकिशोर पंचोली,जीएसएस अध्यक्ष रामधन मीणा, गिराज जी सेठ, बाबूलाल बसवाला, जीतसिंह राजावत, भवानी सिंह राजावत, मुकेश डेरीवाला,कजोड शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कालाडेरा पीजी कॉलेज के छात्रसंघ कार्यालय का हुआ उद्घाटन

### मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने फीता काटकर किया छात्रसंघ कार्यालय का उद्घाटन

गरीबों का सितारा

**चौमूं ( सुनील कुमार पाराशर)।** सेठ आर एल सहरिया राजकीय महाविद्यालय कालाडेरा में सोमवार को छात्रसंघ कार्यालय का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ । समारोह में मुख्य अतिथि के अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा सहित अनेक जन प्रतिनिधियों ने शिरकत की।इस मौके पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने विशिष्ट अतिथि विधायक रामलाल शर्मा ,भाजपा प्रदेश मंत्री महेंद्र यादव, सीकर जिलाध्यक्ष इन्द्रा देवी चौधरी, प्रांत मंत्री शौर्य जेमन, ट्रक यूनियन अध्यक्ष मुकेश बड़बड़वाल, प्रधान रामस्वरूप यादव, मेघराज चौधरी, मनीष गडवाल, सुरेश गोदारा, राजेश यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में छात्रसंघ कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया एवं छात्रसंघ अध्यक्ष निशा यादव को अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाकर





उन्हें व उनकी टीम को आशीर्वाद दिया। इससे पूर्व समारोह में शिरकत करने पहुंचे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर छात्रसंघ अध्यक्ष निशा यादव ने आये हुए आगन्तुक महानुभावो का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक कोष से स्वीकृत 10 लाख रुपयों से खेल मैदान में होने वाले विकास कार्यों का भी शिलान्यास किया गया। इस मौके पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि मैं भी छात्र राजनीति से निकलकर आज आप सभी के आशीर्वाद से इस मुकाम पर हूँ। साथ ही उन्होंने आगे भी छात्र हित में कार्य करते रहने की बात कही। विधायक रामलाल शर्मा ने बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र शक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेज के खेल मैदान के विकास के लिए विधायक कोष से 10 लाख रुपये स्वीकृत किए गए है और आगे भी कॉलेज की मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को पूरा किया जाएगा। साथ ही समारोह में पधारे अन्य अतिथियों ने भी मंच को संबोधित किया।समारोह के समापन पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मेघराज चौधरी और मनीष गढ़वाल ने पधारे अतिथियों सहित युवा शक्ति का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर छात्र संघ उपाध्यक्ष विजय सिंह, छात्रसंघ मुख्य परामर्शदाता डॉ रजनी मीना, प्राचार्य डॉ निरंजन कुमार सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र व अन्य लोग उपस्थित रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# शिक्षा नगरी के कर्नल डिफेंस एकेडमी ने फिर रचा इतिहास

## 18 बच्चों का सैनिक और मिलिट्री स्कूल में हुआ चयन

गरीबों का सितारा

**कुचामनसिटी।** शहर जो राजस्थान में शिक्षा नगरी के नाम से लोकप्रिय है उक्त शहर के बाईपास स्थित कर्नल डिफेंस एकेडमी ने एक बार फिर से इतिहास रचा है। दिसंबर और जनवरी माह में आयोजित अखिल भारतीय सैनिक और मिलिट्री स्कूल प्रवेश परीक्षा में 18 केडेट्स की सफलता अपने आप में एक अदभुत कीर्तिमान है। कर्नल डिफेंस एकेडमी के मैनेजिंग डायरेक्टर मेजर एन आर थाकण के सुपरविजन में 10 वर्ष का लंबा अनुभव रखने वाली टीम पवन शर्मा, एचओडी एकेडमिक्स, करण सिंह राठौड़, संदीप आर्य और सुश्री सरिता चौधरी की कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि उन्होंने इतना शानदार परिणाम दिया। इस अवसर पर चयनित कैडेट्स और उनके अभिभावकों का स्वागत समारोह रखा गया संस्था के चेयरमैन कर्नल नंदकिशोर ढाका ने बताया कि करनाल मिलिट्री स्कूल की अनुभवी टीम और कैडेट्स ने पूरी शिद्दत, निष्ठा और कर्तव्य परायणता के साथ



विशेष रणनीति के तहत की गई मेहनत का ही परिणाम है कि संस्था ने इतना शानदार कीर्तिमान रचा है। कर्नल ढाका ने इस सुनहरे अवसर पर सभी चयनित कैडेट्स और उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की और कैडेट्स के उज्जवल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि कर्नल डिफेंस एकेडमी ने गत एयरफोर्स और एनडीए की परीक्षा में भी क्रमश 37 और 12 कैडेट्स ने सफलता हासिल करके सम्पूर्ण राजस्थान में अपनी श्रेष्ठता साबित की एवं हाल ही में, कर्नल का एक ही सपना, हर गांव ढाणी से अफसर हो अपना' के संकल्प को सार्थक बनाते हुए दो कैडेट्स ने एसएसबी इंटरव्यू भी क्वालीफाई किया है इस दौरान कर्नल डिफेंस एकेडमी वैशाली नगर, जयपुर ब्रांच के मैनेजिंग डायरेक्टर कर्नल यशपाल सिंह, कर्नल डिफेंस एकेडमी भांकरोटा, जयपुर ब्रांच के मैनेजिंग डायरेक्टर कर्नल महेंद्र सिंह ढाका ,कैप्टन भंवरा राम, एस आई प्रहलाद राम, हवलदार हुकुमाराम, हवलदार मांगू राम, टेक्निकल टीम के इंचार्ज संजय मुवल, कर्नल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल डालूराम, एडमिन मैनेजर राम गोपाल, एचओडी इंग्लिश दीपक बुरड़क, ऑटोमेशन मैनेजर धीरज कुमावत, चंद्र शेखर बुगलिया, छात्रावास प्रबंधक मूलाराम मिर्धा, ओम प्रकाश मुंदलिया, रामू राम महला और कर्नल डिफेंस एकेडमी की समस्त टीम ने उपस्थित रहकर सभी होनहार कैडेट्स और उनके पेरेंट्स को बधाई व शुभकामनाएं दी।

# योगिता पब्लिक स्कूल फतेहपुर के वार्षिकोत्सव व प्रतिभावन पुरूस्कार वितरण समारोह आयोजित

## समारोह में रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर ने शिरकत की

गरीबों का सितारा

**रैणी (अलवर), महेश चन्द मीना।** अलवर के लक्ष्मणगढ उपखण्ड क्षेत्र के फतेहपुर गांव मे स्थित योगिता पब्लिक स्कूल मे वार्षिकोत्सव व प्रतिभावन पुरूस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम सोमवार को आयोजित हुआ। इस दौरान कार्यक्रम मे रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर ने भी शिरकत कर बच्चो को आशिर्वाद देते हुए बताया कि विधार्थी जीवन ही एक सबसे अच्छा जीवन होता है और हमे विधार्थी जीवन की मेहनत ही सब कुछ बना देती है इसलिए सभी विधार्थियो को विधार्थी जीवन मे कभी भी आलस्य नही करना चाहिए तथा हमारे लक्ष्य को ध्यान मे रखकर हमेशा अच्छे अंक प्राप्त करने चाहिए व विधार्थी जीवन मे अनुशासन का भी विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए और अपने गुरूजनो व माता पिता , बडे बुढो का भी सम्मान करना चाहिए। विधार्थियो को सम्बोधित करते हुए चीफ इंजीनियर मीना ने बच्चो को संदेश दिया कि स्कूल मे जैसे 5-6 घण्टे का समय को टाइम टेबल अर्थात समय सारणी मे बाटकर पढाई कराई जाती है ठीक उसी तरह से अपने शेष समय 18-19 घण्टो को भी टाइम टेबल बनाकर सदुपयोग करना चाहिए जिसमे हमारी सारी दिनचर्या आ जानी चाहिए तो हम समय का पाबन्द भी हो सकते है इन सभी बातो का विधार्थी जीवन मे ध्यान रखना चाहिए। अन्त मे विधार्थियो के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया इस





दौरान शाला परिवार व गांव वालो ने कार्यक्रम मे आये हुए सभी अतिथियो का जोरदार स्वागत सम्मान किया। इस दौरान मंच संचालन हेमंत दीवान बबेली के द्वारा किया गया। मिडिया को यह सारी जानकारी आरडी बैरावण्डा के द्वारा दी गई है।

# जिले के आदर्श गांव गोविंदपुरा में भामाशाह सम्मान समारोह व वार्षिक उत्सव आयोजित

गरीबों का सितारा

**बनेडा।** परमेश्वर दमामी कंवलियास ग्राम पंचायत के आदर्श ग्राम गोविंदपुरा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में आज वार्षिक उत्सव समारोह एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र की पी ई ओ अनीता सोकिया एवं सरपंच सीमा देवी कुमावत ने सरस्वती माता की पूजा अर्चना के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की कार्यक्रम में कार्यक्रम में क्षेत्र के सीबीईओ रविंद्र जांगिड़ क्षेत्र प्रधानाचार्य अनीता सोकिया ग्राम सरपंच सीमा देवी कुमावत ,सरपंच प्रतिनिधि ,राम प्रसाद कुमावत समिति सदस्य रामेश्वर लाल जाट , एसएमसी अध्यक्ष गजमल कुमावत समाजसेवी अमित गुप्ता ,यश कंप्यूटर के गौतम सुराणा विद्यालय




के संस्था प्रधान पंकज कुमार गौतम विद्यालय के शिक्षक सुमन ,विद्या देवी ,ममता कुमावत ,आशा जाट ,मंजू कुमावत, समाजसेवी शिवराज लामरोड़, हरी लाल जाट ,नारायण लाल कुमावत महावीर तेली ,गुनबाला लोढ़ा,किशन खटीक आदि मौजूद थे इस दौरान बालिका द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए गए विद्यालय प्रधानाध्यापक पंकज गौतम द्वारा सभी अतिथियों का तिलक और सिरोपाव बंधवाकर स्वागत किया गया वही विद्यालय में ग्रामवासियों द्वारा विद्यालय के संस्था प्रधान पंकज गौतम का उनके विद्यालय के प्रति समर्पण और उपलब्धियों के तहत ग्रामवासियों द्वारा सम्मान पत्र और सिरोपाव बंधवाकर स्वागत किया इस दौरान विद्यालय में पूर्व में अध्ययनरत छात्रों छात्राओं का और विद्यालय में सहयोग देने वाले भामाशाह का विद्यालय की ओर से स्वागत और अभिनंदन किया गया इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि राम प्रसाद कुमावत ने विद्यालय में हर संभव सहयोग प्रदान करने की बात कही कार्यक्रम का संचालन शिक्षक बद्रीनाथ रावल ने किया।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत, अरूणाचल प्रदेश के विद्यार्थियों ने देखी राजस्थानी संस्कृति

## पुष्कर का किया भ्रमण, जिला कलक्टर अंश दीप ने किया संवाद

गरीबों का सितारा

**अजमेर/ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत अरूणाचल प्रदेश के 15 विद्यार्थियों ने राजस्थान की संस्कृति को नजदीक से समझने के लिए अजमेर जिले का भ्रमण करने के पश्चात जिला कलक्टर अंश दीप से संवाद किया जिला कलक्टर अंश दीप ने कहा कि संस्कृतिक आदान प्रदान के इस प्रकार के कार्यक्रमों से युवा भारत की विभिन्न संस्कृतियों से आत्मसात होंगे। भारत कई संस्कृतियों का मिला-जुला रूप है। अलग-अलग संस्कृतियों का अनुभव इन्हें भारत को जानने का अवसर



देगा। स्थानीय व्यक्तियों के साथ संवाद स्थापित कर उनके रहन-सहन तथा जीवन शैली के बारे में नजदीकी से जान पाएंगे। उन्होंने कहा कि युवा संगम कार्यक्रम से राजस्थान से सुदुर पूर्व के राज्य अरूणाचाल प्रदेश के युवा राजस्थान की स्थानीय समस्याओं तथा उनके निराकरण के तरीकों को समझेंगे। प्रकृति के साथ स्थानीय समुदाय की संघर्ष गाथा का अपने राज्य के परिप्रेक्ष्य में तुलना कर पाएंगे। भारत के एक छोर से दूसरे छोर के मध्य होने वाले भौगोलिक परिवर्तन की समझ विकसित होगी।राजस्थान की हस्तकला विश्व प्रसिद्व है। हेण्डीक्राफ्ट आईटमों का अरूणाचल प्रदेश के साथ तुलनात्मक अध्ययन उपयोगी रहेगा। केन्द्रीय विश्वविद्यालय बांदर सिंदरी के डॉ. शैलेन्द्र सिंह एवं डॉ. प्रगति जैन ने बताया कि एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अन्तर्गत युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत पूर्वोतर राज्य अरूणाचल प्रदेश के 15 विद्यार्थियों का दल सोमवार को अजमेर पंहुचा। इससे पूर्व किशनगढ में अजमेर सांसद श्री भागीरथ चौधरी के साथ स्थानीय व्यवस्थाओं के बारे में विचार विमर्श किया। किशनगढ के मार्बल एरिया में उद्योगों की जानकारी प्राप्त की। केन्द्रीय विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से राजस्थानी संस्कृति से रूबरू करवाया गया। सोमवार को पुष्कर के ब्रह्मा मन्दिर तथा गऊ घाट पर स्थानीय धार्मिक पक्ष के बारे में जानकारी ली इस अवसर पर नोर्थ ईस्ट रीजनल इंस्टीट्यूट के सहायक प्रोफेसर डॉ अजीत यादव एवं डॉ. यामेम तामुल सहित 15 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# होली के त्योहार को ध्यान मे रखते हुए रैणी थानाधिकारी ने बुलाई सीएलजी सदस्यो की मिटिंग

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन अलवर की टीम द्वारा नये रैणी एसएचओ का भव्य स्वागत सत्कार किया

गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित पुलिस थाना रैणी के थानाधिकारी ओमप्रकाश मीना ने होली के त्योहार को ध्यान मे रखते हुए सुव्यवस्था हेतु सोमवार को सीएलजी सदस्यो की मिटिंग बुलाई गई। इस दौरान राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के अलवर संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना के नेतृत्व मे सारी टीम ने ही नये एसएचओ ओमप्रकाश मीना का फूल मालाओ से व साफा बंधवा कर भव्य स्वागत सत्कार किया गया। रैणी थानाधिकारी ने सभी आमजन से मिडिया के माध्यम से भी अपील की है कि क्षेत्र मे शान्ति व्यवस्था बनाये रखे और आगामी होली के त्योहार को सभी भाई चारे की भावना को ध्यान मे रखते हुए प्रेम भाव से





मनावे तथा आपस मे प्यार प्रेम की भावना से होली के त्योहार पर गुलाल का तिलक लगाकर प्यार से हिलमिल कर सभी होली का त्योहार सौहार्दपूर्ण तरीके से मनावे। थानाधिकारी मीना ने सभी आमजन से पुलिस का सहयोग करने की भी अपील की है और साथ ही पुलिस से दोस्त जैसा व्यवहार करने की अपील भी की है और सभी को आश्वस्त किया कि हम आमजन मे विश्वास और अपराधियो मे भय के सिद्धांत पर कार्य करेंगे लेकिन आपका सबका सहयोग भी हमे बराबर से मिलता रहना चाहिए। इस दौरान राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के अलवर संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना व संगठन के राजगढ लाक्ष्मणगढ विधानसभाध्यक्ष शिवलाल मीना अलवर सरस डेयरी डायरेक्टर तथा रैणी तहसील संयोजक अशोक कुमार मीना (वार्ड पंच) , रैणी तहसील अध्यक्ष नेपाल सिंह नरूका व रैणी तहसील उपाध्यक्ष हेमन्त कुमार जागा व हरिराम मीना भूड़ा, दीपक कुमार जागा रैणी , फतेह सिंह मीना भूड़ा सहित भागचन्द ठेकेदार कल्याणपुरा , छोटेलाल गुर्जर ठेकेदार अनेक गणमान्य नागरिक व रैणी थाने का पूरा स्टाफ मौजूद रहे।

# मेवात विकास बोर्ड अध्यक्ष का नौगावा में किया भव्य स्वागत

गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर मेवात विकास बोर्ड अध्यक्ष एवं पूर्व रामगढ़ विधायक जुबेर खान का सोमवार को नौगावा में लोगो द्वारा भव्य स्वागत किया गया। पूर्व विधायक जुबेर खान को नौगावा बस स्टैंड से डीजे के साथ सैनी धर्मशाला तक ले जाया गया। सैनी मंदिर पर सर्वसमाज के सदस्यों के द्वारा साफा पहनाकर उनका स्वागत सम्मान किया गया। रामगढ़ उप प्रधान अतर सैनी ने बताया की नौगावा को इस बजट सत्र में नगरपालिका घोषित किया गया। साथ ही नौगावा क्षेत्र में विकास की गंगा बहाई है। ये सभी कार्य जुबेर खान के प्रयासों से हुए है। आज से पहले किसी भी विधायक के द्वारा क्षेत्र में इतने काम नहीं करवाए गए। इस कारण आज मेवात विकास बोर्ड अध्यक्ष जुबेर खान का सैनी मंदिर के प्रांगण में सम्मान किया गया। मेवात बोर्ड अध्यक्ष ने लोगो को संबोधित करते हुए





कहा कि मैं आप सब के लिए भाई ही हु तथा मुझे मंत्री की जगह भाई जुबेर कहकर संबोधित करे। आपके क्षेत्र में कोई भी कार्य करवाना है तो आप मुझे बताए मैं उस कार्य को प्राथमिकता देते हुए करवाने का प्रयास करूंगा क्योकि जन विकास कार्य करना मेरा कर्तव्य है। इस मौके पर पूर्व पार्षद ऋतुराज चौहान रामगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बबली पंडित पूर्व कृषि उपज मंडी चेयरमैन छज्जू गुर्जर नोगावा ग्राम पंचायत सरपंच राजू सैनी राजेंद्र सिंह प्रीतम सिंह पूर्व जिला पार्षद गोविंद गुर्जर नौगांवा युवा नेता सुरेश गुर्जर सुनील ओड पंचायत समिति सदस्य राजन सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे ।मिडिया को यह सारी जानकारी रामगढ से अमित कुमार भारद्वाज के द्वारा दी गई है।

# प्रिंसिपल के नाम से महिला से ठगे 30 हजार, जिले में फैला साइबर क्राइम का जाल

गरीबों का सितारा

**युवराज शर्मा अलवर।** अलवर जिले में लगातार साइबर क्राइम अपने पैर पसार रहा है लेकिन साइबर थाना पुलिस अभी तक इस मामले में अंकुश लगाने में सफल नहीं हो पा रही जिसके चलते प्रतिदिन लोग साइबर ठगी के शिकार हो रहे हैं वहीं



अब जैन इ.एं कॉलेज के प्रिंसिपल के नाम से एक महिला से क्यूआर कोड भेजकर ?30000 की ठगी कर डाली शहर के अरावली विहार थाना क्षेत्र स्थित काला कुआं निवासी डॉ अनीता सोनी जो वर्तमान में इसकी मार्ट स्थित जैन इ.एं कॉलेज की प्रिंसिपल है उनकी जीमेल आईडी को शनिवार को हैकर्स द्वारा हैक कर लिया गया वही आज सुबह उनकी पड़ोस में रहने वाली महिला को व्हाट्सएप पर मैसेज भेज कर 30000 की डिमांड की प्रिंसिपल के अस्पताल में होने की बात कहते हुए अर्जेंट रुपए डालने के लिए क्यूआर कोड भेज दिया जिस पर परेशानी को देखते हुए काला कुआं निवासी पूनम जैन ने उस खाते में 30000 डाल दिए मैं जब फिर से डिमांड की गई तो उसे शक हुआ और उन्होंने तुरंत डॉ अनीता सोनी से संपर्क किया जिस पर अनिता सोनी ने ऐसे किसी भी तरह के पैसे मांगने से इंकार कर दिया जिसके बाद अनीता सोनी ने सभी को अपने व्हाट्सएप स्टेटस के जरिए इस तरह की ठगी की जानकारी दी वहीं इससे पूर्व एक दिन पहले भी उन्होंने जैसे उन्हें पता लगा उन्होंने लोगों को सचेत कर दिया था लेकिन संबंधित महिला उस मैसेज को नहीं देख पाई और ठगी का शिकार हो गई ऐसे में अनीता सोनी ने कहा कि लगातार इस तरह के साइबर क्राइम हो रहे हैं लेकिन सरकार इस मामले में कुछ नहीं कर रही वही साइबर थाना पुलिस भी अपने आप को असक्षम महसूस करती है ऐसे में आमजन की पीड़ा कौन सुनेगा यह भी एक बड़ा सवाल है।

# सोमवार से सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षाएं हुई प्रारम्भ

## ईएमआरएस पाटन (रैणी) स्कूल का सेन्टर आया स्वामी विवेकानंद मोडल स्कूल डेरा रैणी में

गरीबों का सितारा

**रैणी (अलवर), महेश चन्द मीना।** सोमवार 27 फरवरी 2023 से सीबीएसई 10 बोर्ड परीक्षाऐ शुरू हो गई है। एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल-पाटन के प्रधानाचार्य सुआलाल मीना ने मिडिया को बताया कि हमारे विधालय के कक्षा-10 के विधार्थियो की परीक्षाऐ सोमवार से शुरू हो गई है क्योंकि हमारे इस आवासीय विद्यालय मे सीबीएसई बोर्ड के तहत कक्षाऐ संचालित है इस सत्र मे हमारे विधालय मे कक्षा-10 मे कुल 53 विधार्थी है । हमारे विधालय के सभी विधार्थियो का बोर्ड परीक्षा सेन्टर रैणी क्षेत्र के डेरा गांव मे स्वामि विवेकानंद मोडल स्कूल मे आया है। प्रधानाचार्य मीना ने बताया कि 10 वी बोर्ड परीक्षा समय प्रातःकाल 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक है। सभी विधार्थियो को हमारे स्टाफ द्वारा समय के अनुरूप ही हमारे स्तर से वाहन से लाया ले जाया जाता है सोमवार को हमारे सभी 53 विधार्थी अंग्रेजी पेपर मे उपस्थित रहे।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# राहुल, गिल ने नेट पर की बल्लेबाजी, आस्ट्रेलिया ने 'पारंपिक शॉट' पर दिया ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

*सलामी बल्लेबाज की भूमिका के दावेदार लोकेश राहुल और शुभमन गिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां होने वाले तीसरे टेस्ट से पूर्व सोमवार को ट्रेनिंग सत्र के दौरान एक साथ बल्लेबाजी अभ्यास किया। पांच दिवसीय प्रारूप में लंबे समय से खराब प्रदर्शन के कारण उप कप्तानी छीने जाने के बाद राहुल ने बुधवार से शुरू हो रहे मैच से पहले संभवतः अंतिम ट्रेनिंग सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे गिल पर राहुल को तरजीह देने को लेकर क्रिकेट जगत में लोगों की राय बंटी हुई है। राहुल 47 टेस्ट खेलने के बाद भी 33.44 की साधारण औसत से रन बना पाए हैं। दोनों बल्लेबाजों ने मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की निगरानी में एक साथ लगे दो नेट पर लगभग 30 मिनट बल्लेबाजी की।*


*रन बनाने के लिए जूझ रहे सलामी बल्लेबाज राहुल*
*भारत का आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा टेस्ट मैच कल से*

### थ्रोडाउन का भी किया सामना


राहुल ने शुरुआती 18 गेंदों को या तो छोड़ा या फिर ब्लॉक किया और फिर स्पिनरों के खिलाफ हवा में शॉट खेले। उन्होंने इसके बाद गिल के साथ जगह बदली और रविचंद्रन अश्विन का सामना किया। उन्होंने इस दौरान सीधे बल्ले से बल्लेबाजी की। गिल नेट पर बल्लेबाजी करने वाले टीम के पहले खिलाड़ी रहे जबकि अन्य खिलाड़ी वार्म अप और क्षेत्ररक्षण ड्रिल कर रहे थे। मुख्य नेट पर समय बिताने के बाद गिल और राहुल ने थ्रोडाउन का भी सामना किया।

### विराट, रोहित ने भी बहाया पसीना

दिल्ली में दूसरे टेस्ट के दौरान रोहित शर्मा और विराट कोहली अच्छी लय में दिखे लेकिन अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। नेट पर एक साथ बल्लेबाजी के लिए उतरे इन दोनों बल्लेबाजों ने स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया। कोहली ने बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ सीधी बाउंड्री को निशाना बनाया तो रोहित ने पुल, स्वीप और रिवर्स स्वीप सहित चारों ओर शॉट खेले। श्रृंखला में बल्ले और गेंद दोनों से योगदान देने वाले अश्विन ने गेंदबाजी के बाद स्वीप शॉट खेलने का अभ्यास किया। पहले दो टेस्ट में अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाले अक्षर पटेल ने थ्रोडाउन का सामना किया।

### राहुल पर बढ़ा दबाव, गिल का शानदार प्रदर्शन

टीम प्रबंधन को राहुल की क्षमताओं पर भरोसा है और उन्हें अतिरिक्त मौके दिए जा रहे हैं लेकिन प्रत्येक विफलता के साथ इस बल्लेबाज पर दबाव बढ़ रहा है। दूसरी तरफ गिल ने मौजूदा सत्र में सभी प्रारूपों में प्रभावित किया है और पूर्व क्रिकेटरों सहित उनके समर्थकों का मानना है कि अंतिम एकादश में उन्हें मौका देने का इससे सही समय नहीं हो सकता। गिल ने अभ्यास के दौरान आक्रामक रवैया दिखाया तो वहीं राहुल ने अपने डिफेंस पर अधिक ध्यान दिया।



### कंगारुओं ने स्वीप शॉट के बजाय गेंद का आगे बढ़कर किया सामना

*ऑस्ट्रेलिया की टीम निर्धारित समय से पहले ही नेट सत्र के लिए पहुंच गई। ऑस्ट्रेलिया की टीम अपने तीन घंटे से अधिक के प्रशिक्षण सत्र में अपनी गलतियों से सीखने के लिए उत्सुक नजर आई। गेंद को स्वीप करने के बजाय स्टीव स्मिथ और उनकी टीम ने मुख्य रूप से स्पिनरों के खिलाफ आगे बढ़कर शॉट खेलने के अलावा फ्रंट फुट डिफेंस का प्रयास किया। स्मिथ और उस्मान ख्वाजा नेट पर सबसे पहले आए और नाथन लियोन तथा मैथ्यू कुहनेमैन के खिलाफ एक घंटे से अधिक समय तक बल्लेबाजी की। ख्वाजा के अलावा स्वीप का अभ्यास करने वाले अन्य बल्लेबाज एलेक्स कैरी थे जो एक ही तरह का शॉट खेलते हुए चार बार आउट हो चुके हैं। मार्नस लाबुशेन, ट्रेविस हेड और पीटर हैंड्सकॉम्ब ने ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी और लेग स्पिनर मिशेल स्वेपसन का सामना किया जो अपने बच्चे के जन्म के बाद टीम के साथ फिर से जुड़ गए हैं।*

## खबर संक्षेप



### राणा को लय हासिल करने का भरोसा

**मुंबई।** रणजी ट्रॉफी में रन बनाने के लिए जूझने वाले दिल्ली के बाएं हाथ के बल्लेबाज नीतीश राणा को उम्मीद है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए लय हासिल कर कुछ दमदार पारी खेलेंगे। राणा को 14, 40 और शून्य रन का स्कोर बनाने के बाद रणजी टीम से बाहर कर दिया गया था। उन्होंने हालांकि सत्र के आखिरी लीग मैच के लिए टीम में वापसी की और मुंबई के खिलाफ 11 और नाबाद छह रन की पारी खेली। टी20 राणा का पसंदीदा प्रारूप है और पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने केकेआर के लिए कई अच्छी पारियां खेली हैं।

### हरमनप्रीत को प्रो लीग मैचों में भारत की कमान

**नई दिल्ली।** ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह आगामी एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैचों में मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी और विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम का नेतृत्व करेंगे। मिडफील्डर हार्दिक सिंह टीम के उपकप्तान होंगे। टीम में अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश और युवा पवन शामिल हैं, जिन्होंने कृष्ण बहादुर पाठक की जगह ली है। पाठक अपनी शादी के कारण टीम से बाहर रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया के डेविड जॉन और बीजे करियप्पा को शिवेंद्र सिंह के साथ आगामी मैचों के लिए अंतरिम कोच के रूप में नामित किया गया है। भारत पहले मैच में 10 मार्च को जर्मनी जबकि 12 मार्च को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। टीम इसके बाद 13 मार्च को दूसरी बार जर्मनी जबकि 15 मार्च को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी। इस बीच 12 और 14 मार्च को इसी स्थल पर ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी का मुकाबला होगा।



### मध्यप्रदेश ने जीता राष्ट्रीय महिला हॉकी का खिताब



**काकिनाड़ा।** मध्य प्रदेश ने 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2023 के फाइनल में सोमवार को यहां महाराष्ट्र को 5-1 से शिकस्त दी। टूर्नामेंट के दौरान मध्य प्रदेश के दबदबे का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टीम ने पूरे सत्र के दौरान केवल तीन गोल गंवाए। मध्य प्रदेश के कोच परमजीत सिंह टीम की जीत से काफी संतुष्ट दिखे। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, हम पिछले साल भोपाल में क्वार्टर फाइनल में हार गए थे लेकिन हम जानते थे कि ट्रॉफी उठाने के लिए हमें अपना सब कुछ झोंकना होगा। ऐसे में हमने पेनल्टी कॉर्नर में सुधार के लिए कुछ खिलाड़ियों के कौशल पर ध्यान केंद्रित किया।

क्रिकेट : इंग्लैंड को जीत के लिए 210 रन की दरकार, नौ विकेट शेष

# विलियमसन का 26वां टेस्ट शतक इंग्लैंड को मिला 258 रन का लक्ष्य

एजेंसी ⏭ वेलिंगटन

केन विलियमसन टेस्ट क्रिकेट में न्यूजीलैंड के शीर्ष स्कोरर बने और उनके 26वें टेस्ट शतक से मेजबान टीम ने सोमवार को इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन 258 रन का लक्ष्य दिया। विलियमसन (132) और उनकी पारियों से न्यूजीलैंड ने फॉलोआन खेलते हुए दूसरी पारी में 483 रन बनाए। इंग्लैंड ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 48 रन बना लिए हैं। स्टंप के समय सलामी बल्लेबाज बेन डकेट 23 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि ओली रोबिनसन एक रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। इंग्लैंड को जीत के लिए 210 रन की दरकार है जबकि उसके नौ विकेट शेष हैं।

मेहमान टीम जीत की प्रबल दावेदार है लेकिन विलियमसन ने न्यूजीलैंड को एक उम्मीद दी है। इससे पहले दिन के पहले ओवर में विलियमसन ने जेम्स एंडरसन पर मिड विकेट पर चौके के साथ जब 29 रन के आंकड़े को छुआ तो टीम के अपने पूर्व साथी रोस टेलर के न्यूजीलैंड की ओर से 7682 रन के सर्वाधिक रन के आंकड़े को पीछे छोड़ा। श्रृंखला की पिछली तीन पारियों में सिर्फ 10 रन बनाने के बाद विलियमसन अच्छी लय में दिखे और उन्होंने दिखाया कि मुश्किल हालात में वह क्यों टीम के नंबर एक बल्लेबाज हैं।



### इंग्लैंड ने खेला फालोआन

इंग्लैंड ने पहली पारी आठ विकेट पर 435 रन बनाकर घोषित की थी जिसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 209 रन ही बना सकी थी और उसे फॉलोआन के लिए मजबूर होना पड़ा था।

### विलियमसन का 34वां अर्धशतक

विलियमसन ने 148 गेंद में 34वां अर्धशतक बनाया। विलियमसन ने सात घंटे से अधिक की अपनी पारी में 282 गेंद का सामना करते हुए 12 चौके मारे। विलियमसन के आउट होने बाद न्यूजीलैंड की पारी को सिमटने में अधिक समय नहीं लगा। माइकल ब्रेसवेल (08) रन आउट हुए जबकि जैक लीच ने एक ही ओवर में साउथी (02) और मैट हेनरी (00) को आउट किया। लीच ने ब्लंडेल को रूट के हाथों कैच कराके न्यूजीलैंड की पारी का अंत किया। उन्होंने 166 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके मारे।

# घोष आईसीसी की 'मोस्ट वैल्युएबल टीम' में शामिल

एजेंसी ⏭ केपटाउन



भारत की विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष को यहां महिला टी20 विश्व कप में अपनी टीम के सेमीफाइनल तक के सफर के दौरान प्रभावी प्रदर्शन के लिए सोमवार को जारी आईसीसी की टूर्नामेंट की 'मोस्ट वैल्युएबल टीम' में जगह मिली है।

उन्नीस साल की विकेटकीपर-बल्लेबाज रिचा ग्रुप चरण में आयरलैंड और सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाकाम रही लेकिन पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद पारियां खेलते हुए उन्होंने टूर्नामेंट में 136 रन जुटाए। रिकॉर्ड को आगे बढ़ाते हुए छठा विश्व खिताब जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम की चार खिलाड़ियों को इस एकादश में जगह मिली है। ये खिलाड़ी विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली (47.25 की औसत से 189 रन, चार शिकार), ऑलराउंडर एशलेग गार्डनर (110 रन और 10 विकेट), डार्सी ब्राउन (सात विकेट) और मेगान शुट (10 विकेट) हैं। टीम : ताजमिन ब्रिट्स (दक्षिण अफ्रीका), एलिसा हीली (ऑस्ट्रेलिया), लॉरा वोलवार्ट (दक्षिण अफ्रीका), नैट स्किवर-ब्रंट, कप्तान (इंग्लैंड), एशलेग गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया), रिचा घोष (भारत), सोफी एक्लेस्टोन (इंग्लैंड), करिश्मा रामहरक (वेस्टइंडीज), शब्निम इस्माइल (दक्षिण अफ्रीका), डार्सी ब्राउन (ऑस्ट्रेलिया), मेगन शुट (ऑस्ट्रेलिया)। 12वीं खिलाड़ीः ओर्ला प्रेंडरगास्ट (आयरलैंड)।

### एमबाप्पे और मेस्सी के गोल से पीएसजी ने मार्सिले को हराया



*पेरिस। काइलियान एमबाप्पे के दो और लियोनल मेस्सी के एक गोल से फ्रेंच लीग में शीर्ष पर चल रहे पेरिस सेंट जर्मेन ने खिताब के दावेदारों में शामिल मार्सिले को 3-0 से हराया। एमबाप्पे लीग में 17 गोल के साथ शीर्ष पर चल रहे हैं। उन्होंने रविवार को पीएसजी की ओर से सर्वाधिक 200 गोल दागने के एडिनसन कवानी के क्लब रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। पीएसजी को इसी महीने फ्रेंच कप में मार्सिले के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा था। टीम इस मुकाबले में एमबाप्पे के बिना खेली थी और उन्हें इस स्टार खिलाड़ी की कमी खली। इस बार टीम में नेमार नहीं थे लेकिन उसे ब्राजील के इस स्टार खिलाड़ी की कमी नहीं खली। इस मुकाबले में जीत दूसरे स्थान पर चल रहे मार्सिले को गत चैंपियन पीएसजी से सिर्फ दो अंक की दूरी पर पहुंचा देती लेकिन अब वह शीर्ष पर चल रही इस टीम से आठ अंक पीछे है जबकि 13 दौर का खेल बाकी है।*

# नोरी ने जीता रियो ओपन खिताब अल्कारेज से चुकता किया बदला

एजेंसी ⏭ रियो डी जिनेरियो

कैमरन नोरी ने रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में रविवार को यहां कार्लोस अल्कारेज के खिलाफ एक सेट और 0-3 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए साल का पहला खिताब जीता। नोरी ने इसके साथ ही एक हफ्ते पहले फाइनल में स्पेन के अल्कारेज के खिलाफ मिली शिकस्त का बदला भी चुकता कर दिया।

दूसरे वरीय नोरी ने अल्कारेज को 5-7, 6-4, 7-5 से हराकर अपने कॅरियर का पांचवां खिताब जीता। नोरी को इससे पहले जनवरी में ऑकलैंड में फाइनल में रिचर्ड गास्केट और पिछले सप्ताहांत अर्जेन्टीना ओपन चैंपियनशिप के फाइनल में अल्कारेज के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। फाइनल में हार के साथ अल्कारेज ने एटीपी रैंकिंग के शीर्ष पर नोवाक जोकोविच के समान अंक जुटाने का मौका भी गंवा दिया।



### स्टार्क तीसरे टेस्ट में खेलने के लिए तैयार



*इंदौर। ऑस्ट्रेलिया के सीनियर तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क चोट से अब तक शत प्रतिशत नहीं उबरे हैं लेकिन बुधवार से यहां भारत के खिलाफ शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट में प्रभाव छोड़ने के लिए तैयार हैं। नियमित कप्तान पैट कमिंस के अपनी बीमार मां के पास स्वदेश लौटने के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम को स्टार्क से उम्मीद होगी कि वे टीम को शुरुआती सफलता दिलाएं और स्पिनरों का साथ दें। भारतीय तेज गेंदबाजों ने पहले ही श्रृंखला में प्रभावित किया है जिसमें मोहम्मद शमी सबसे प्रभावशाली तेज गेंदबाज रहे हैं।*

# मूनी को गुजरात की कमान स्नेह राणा बनीं उपकप्तान



एजेंसी ⏭ मुंबई

आस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी को चार मार्च से शुरू हो रहे महिला प्रीमियर लीग के पहले सत्र के लिए सोमवार को गुजरात जायंट्स का कप्तान नियुक्त किया गया।इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में 74 रन की मैच विजेता पारी खेली थी और उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया था।

गुजरात जायंट्स ने मूनी के साथ भारतीय ऑलराउंडर स्नेह राणा को उपकप्तान नियुक्त किया है। मूनी ने कहा, 'मैं महिला प्रीमियर लीग के पहले सत्र के लिए अडानी गुजरात जायंट्स का नेतृत्व करने का अवसर पाकर खुश हूं।' मूनी महिला टी20 में उन कुछेक बल्लेबाजों में शामिल है जिन्होंने एक से अधिक शतक लगाए हैं।

# ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने शादी की

### महाराष्ट्र के कर्जत में हुई वेडिंग सेरेमनी, पत्नी रितिका के साथ पहुंचे रोहित; श्रेयस ने डांस किया

टीम इंडिया के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने गर्लफ्रेंड मिताली पारुलकर से शादी कर ली है।ठाकुर ने सोमवार को महाराष्ट्र के कर्जत में शादी की। रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर और युजवेंद्र चहल की पत्नी धनश्री वर्मा समारोह में शामिल हुए। रोहित के साथ पत्नी रितिका भी पहुंचीं।मुंबई रणजी ट्रॉफी टीम के कोच अभिषेक नायर और कई दूसरे प्लेयर भी शार्दुल के विवाह समारोह में शामिल हुए। इस दौरान शार्दुल के टीममेट श्रेयस अय्यर डीजे की धुन पर डांस करते नजर आए। रोहित और मुंबई टीम के दूसरे प्लेयर्स ने भी संगीत सेरेमनी में डांस किया। झिंगाट पर झूमे थे शार्दुल शार्दुल की हल्दी सेरेमनी 25 फरवरी को हुई थी।26 को संगीत सेरेमनी के दौरान उन्होंने सैराट फिल्म के 'झिंगाट' गाने पर डांस किया था। संगीत सेरेमनी में श्रेयस अय्यर ने भी डांस किया। मराठी रीति-रिवाज से हुई शादी 31 साल के शार्दुल ने मराठी रीति-रिवाज से शादी की। मिताली और शार्दुल मराठी ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आए।ठाकुर परिवार और दोस्तों के साथ डांस करते भी दिखे।इंटरनेट पर दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ उनके फोटोज भी वायरल हुए।



15 मार्च से नई दिल्ली में होगा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप का आयोजन

# लवलीना, निकहत करेंगी भारतीय चुनौती की अगुवाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और मौजूदा विश्व चैंपियन निकहत जरीन यहां आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगी। इस प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 26 मार्च तक इंदिरा गांधी खेल परिसर में होगा। बोरगोहेन (75 किग्रा) अब तक विश्व चैंपियनशिप में दो कांस्य पदक जीत चुकी हैं और वह घरेलू परिस्थितियों में अन्य देशों के कई ओलंपिक पदक विजेताओं के बीच इसमें सुधार करना चाहेंगी। निकहत 50 किग्रा वर्ग की मौजूदा चैंपियन है और अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगी। निकहत ने इस्तांबुल में 2022 आईबीए महिला विश्व चैंपियनशिप में खिताब जीता था।

- 15 से 26 मार्च तक इंदिरा गांधी खेल परिसर में होगा आयोजन



बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नीतू घंघास 48 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। दो बार की यह युवा विश्व चैंपियन एक और बड़ा पदक अपने नाम करना चाहेंगी।

भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में भारत मुक्केबाजी का एक 'पावरहाउस' बन गया है और हम आईबीए महिला विश्व चैंपियनशिप के लिए इस प्रतिभाशाली दल के साथ अपनी स्थिति को और मजबूत करने का इरादा रखते हैं। टीम में चैम्पियन खिलाड़ी शामिल है मुझे यकीन है कि वे फिर से देश का गौरव बढ़ाएंगे।'

### मनीषा, जैस्मिन प्रबल दावेदार

*दिल्ली में 2018 विश्व चैंपियनशिप में प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ वैश्विक मंच पर अपने आगमन की घोषणा करने वाली मनीषा मौन अत्यधिक प्रतिस्पर्धी 57 किग्रा 'फेदरवेट' वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। मनीषा ने 2022 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मिन लैम्बोरिया पिछले सत्र में क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। वह 60 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। युवा मुक्केबाज प्रीति और सनामाचा चानू क्रमशः 54 किग्रा और 70 किग्रा वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। मौजूदा एशियाई और राष्ट्रीय चैंपियन स्वीटी बूरा 81 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी।*

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com